Page 11



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09




खेल

**हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर मंडराया खतरा? पोलार्ड ने कहा यह वैसा सीजन नहीं रहा...**

देश

**सभी थानों की सीसीटीवी से होगी लाइव निगरानी, योगी ने सेंट्रल डैशबोर्ड बनाने के...**


शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • मंगलवार • 26 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 173 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,46,100 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**1739** : मुगल बादशाह मोहम्मद शाह और ईरान के नादिर शाह के बीच हुई संधि के परिणामस्वरूप अफगानिस्तान, भारत से अलग हुआ।

**1999** : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारत, जर्मनी और दक्षिण कोरिया के तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।

## न्यूज बाइट्स

### मनरेगा की 3194 योजनाओं पर 220 करोड़ होंगे खर्च

**पटना (नि.सं.)** । राज्य सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत 3194 योजनाओं को स्वीकृति दी है। इन पर लगभग 219.80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन योजनाओं से विभिन्न जिलों में नहर सफाई, जल निकासी एवं सिंचाई से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सोमवार को विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग एवं जल संसाधन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें मनरेगा या वीबी-जीराम-जी के अंतर्गत आवंटित राशि के प्रभावी उपयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नहरों, उप वितरणियों एवं जल निकासी तंत्र की सफाई के माध्यम से सिंचाई क्षमता बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण कार्यों को गति देने पर बल दिया गया।

### आम लोग बनेंगे 'सड़क सुरक्षा प्रहरी

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और यातायात नियमों का प्रभावी तरीके से पालन कराने के लिए परिवहन विभाग ने एक बेहद अनूठी और बड़ी पहल की शुरुआत की है। इस नई व्यवस्था के तहत अब राज्य का हर आम नागरिक 'सड़क सुरक्षा का प्रहरी' बन सकेगा। सड़क पर चलते समय यदि कोई भी व्यक्ति यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाता हुआ दिखे, तो आम लोग न सिर्फ मूकदर्शक बनने के बजाय उसके खिलाफ आवाज उठा सकते हैं, बल्कि सीधे कार्रवाई में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित कर सकते हैं। परिवहन विभाग ने आम जनता को सीधे सशक्त बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 9153971897 और एक आधिकारिक ई-मेल आईडी mmandcontrolecenterbihar@gmail.com जारी किया है।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की ऊर्जा विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, कहा

# जीविका दीदियों के जरिए गांवों में बढ़ेगा सौर ऊर्जा का विस्तार

### ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने का दिया निर्देश, मुफ्त बिजली देने की योजना जारी

- **बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए सोलराइजेशन प्लान पर चर्चा हुई।**

निज संवाददाता | पटना

सम्राट चौधरी ने सोमवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में ऊर्जा विभाग के कार्यों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा राज्य में सौर ऊर्जा के विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए सोलराइजेशन प्लान, जीविका दीदियों के लिए प्रोत्साहन योजना तथा पीएम कुसुम योजना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के रोडमैप को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करते हुए राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है, ताकि बिहार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री ने जीविका समूह की महिलाओं को सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांवों में सौर ऊर्जा के लाभ और इसकी कार्यप्रणाली को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें।



#### छतों पर सोलर पैनल लगाने को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने राज्य में सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जहां पहले से सोलर पैनल लगाए गए हैं, वहां उनके नियमित रखरखाव और मेंटेनेंस की मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

#### 10 लाख उपभोक्ताओं को सोलर योजना से जोड़ने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसके कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुटीर ज्योति योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 10 लाख उपभोक्ताओं के परिसरों में सोलर संयंत्र स्थापित करने का कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। इसके अलावा कृषि कार्यों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक कृषि फीडरों के सोलराइजेशन पर भी जोर दिया गया। बैठक में शैलेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव लोकेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, सचिव संजय कुमार सिंह तथा बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार सहित ऊर्जा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




## अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर : फिर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

### 11 दिनों में चौथी बार महंगा हुआ ईंधन, आम लोगों की बढ़ी परेशानी

- **ईंधन महंगा होने से ट्रांसपोर्ट और घरेलू बजट पर बढ़ा दबाव**

निज संवाददाता | पटना

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का असर अब घरेलू बाजार में भी साफ दिखाई देने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण क्रूड ऑयल महंगा हुआ है, जिसके बाद देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। लगातार बढ़ रही कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

नई दरें लागू होने के बाद राजधानी पटना में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 112.70 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है, जबकि डीजल 99.87 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं नालंदा जिले में पेट्रोल की कीमत 113.99 रुपये और डीजल 99.98 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है।

#### लगातार बढ़ोतरी से बढ़ी महंगाई की चिंता

बीते 12 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर अब परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी दिखने लगा है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि ईंधन महंगा होने से माल ढुलाई का खर्च बढ़ रहा है, जिसका असर बाजार की कीमतों पर पड़ सकता है।

#### आम लोगों की जेब पर बढ़ा बोझ

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग और रोजाना वाहन इस्तेमाल करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पहले से बढ़ी महंगाई के बीच ईंधन की कीमतों में लगातार इजाफा घरेलू बजट को बिगाड़ रहा है।

# बिहार विधान मंडल सचिवालय कर्मियों के लिए बस सेवा शुरू, विधानसभा अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

निज संवाददाता | पटना

प्रेम कुमार ने सोमवार की सुबह बिहार विधान मंडल सचिवालय में कार्यरत पदाधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यालय आवागमन के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित विशेष बस सेवाओं को विधानसभा के मुख्य पोर्टिको से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान वैश्विक ऊर्जा संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की गई है। इसी उद्देश्य से बिहार विधान मंडल सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पिंक, इलेक्ट्रिक और ग्रीन बसों का परिचालन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि एम्स पटना से बिहार विधान मंडल सचिवालय रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस चलाई जाएगी। वहीं सगुना मोड़ से बिहार विधान मंडल सचिवालय रूट के लिए एक इलेक्ट्रिक बस तथा धनकी मोड़ से बिहार विधान मंडल, निर्वाचन आयोग एवं विकास भवन रूट के लिए एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस का संचालन शुरू किया गया है।



विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पहले से ही सचिवालय सेवा के कर्मियों के लिए विभिन्न मार्गों पर बसों का संचालन कर रहा है, जिसका लाभ बिहार विधान मंडल सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी भी उठा सकते हैं।

### सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली को मिला स्थान, बिहार में खुशी की लहर

# पहली से आठवीं तक मातृभाषा के रूप में पढ़ाई का रास्ता साफ

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मैथिली भाषा को पहली से आठवीं कक्षा तक मातृभाषा विषय के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस फैसले के बाद मिथिला क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है।



#### सांस्कृतिक पहचान को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैथिली भाषा को शिक्षा व्यवस्था में स्थान मिलना मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भाषाई गौरव के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

#### संविधान की मान्यता प्राप्त भाषा है मैथिली

केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में कहा कि मैथिली भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 मान्यता प्राप्त भाषाओं में से एक है। एनसीईआरटी द्वारा मैथिली समेत 121 भारतीय भाषाओं में प्राइमर भी तैयार किए जा चुके हैं।

#### नई शिक्षा नीति के तहत लिया गया फैसला

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर विशेष जोर दिया गया है। नीति में कक्षा पांच तक और आवश्यकता पड़ने पर कक्षा आठ तक मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाई कराने की बात कही गई है। इसी दिशा में सीबीएसई ने मैथिली को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है।

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर को भेजे पत्र में इसकी जानकारी दी। बताया गया कि सांसद द्वारा 8 फरवरी 2026 को मैथिली भाषा को सीबीएसई पाठ्यक्रम में शामिल करने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद मामले की समीक्षा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) से कराई गई।

# देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता

- **उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और घबराकर खरीदारी नहीं करने की अपील।**
- **लोगों से केवल तेल कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने का आग्रह।**

एजेंसी | नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां इंडियनऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम देशभर में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार परिचालन और लॉजिस्टिक्स समन्वय बनाए हुए हैं। कंपनियों ने कहा है कि कई क्षेत्रों में ईंधन की मांग में अचानक और तेज वृद्धि के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है तथा देशभर में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी उपलब्ध है। तेल कंपनियों के अनुसार हाल के दिनों में कई राज्यों में मौसमी कृषि गतिविधियों और कटाई कार्यों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई है। इसके अलावा अन्य आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में कम कीमत होने के कारण बड़ी संख्या में खुदरा ग्राहक सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर रुख कर रहे हैं। संस्थागत और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा भी खुदरा ईंधन आउटलेट्स से खरीदारी किए जाने से मांग पर अतिरिक्त दबाव बना है।

कंपनियों ने बताया कि वे अपने टर्मिनलों, डिपो, पाइपलाइनों, एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों और खुदरा आउटलेट्स के व्यापक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं। आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन और चुनिंदा खुदरा आउटलेट चौबीसों घंटे कार्यरत हैं, ताकि बाजारों में उत्पादों की सुचारू आवाजाही और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए राज्य प्रशासन के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं। कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार पूरे देश में उपलब्ध है तथा सुचारू और निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। तेल कंपनियां लगातार स्टॉक की स्थिति की समीक्षा कर रही हैं और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए वितरण व्यवस्था और लॉजिस्टिक्स योजना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तेल उद्योग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सामान्य खरीदारी व्यवहार बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह या आशंका के कारण अनावश्यक रूप से ईंधन की खरीदारी न करें। साथ ही लोगों से केवल तेल कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने का आग्रह किया गया है।

### मुख्य सचिव ने की एग्री स्टैक और किसान रजिस्ट्री की समीक्षा

# 27 मई तक 2 से 2.5 लाख नए पंजीकरण का लक्ष्य

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों के लिए चलाए जा रहे किसान रजिस्ट्री अभियान की प्रगति को लेकर सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में मिशन मोड में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि किसान रजिस्ट्री राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि 27 मई 2026 तक राज्य में किसान रजिस्ट्री के नए पंजीकरण का आंकड़ा 2 लाख से 2.5 लाख के पार पहुंचाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले जिलों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने जमुई, सारण और सीवान जिलों को अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार कर अभियान को तेज करने का निर्देश दिया। बैठक में एग्री स्टैक के सुचारू संचालन को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को लंबित मामलों में त्वरित हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया। उन्होंने शेष 11,400 गांवों के जियो-रेफरेंसिंग विलेज मैप्स और रिविजनल सर्वे मैप्स के एपीआई एक्सेस से जुड़े कार्यों में तेजी लाने को कहा, ताकि डेटा सत्यापन का कार्य समय पर पूरा किया जा सके।




बैठक में बताया गया कि कम एनएमएस के कारण कुल 7,88,116 किसान रजिस्ट्री नामांकन लंबित हैं। मुख्य सचिव ने इन लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द भौतिक और डिजिटल सत्यापन करने का निर्देश दिया, ताकि पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। राज्य में कुल 86.36 लाख पीएम-किसान लाभार्थियों के मुकाबले अब तक 49.7 लाख किसानों की रजिस्ट्री पूरी की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 57.6 प्रतिशत है। वहीं 12 मई 2026 से शुरू किए गए मिशन मोड अभियान के तहत अब तक 1,96,929 नए पंजीकरण दर्ज किए जा चुके हैं।


BAYC Institute स्थापित 1972

**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

**डॉक्टर बनें** एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




**DIPLOMA COURSE**

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th

DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

**BACHELOR DEGREE COURSE**

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2

BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

**MASTER DEGREE COURSE**

MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट

MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

**PROFESSIONAL COURSE**

BLIS | MLIS | BBA | MBA

**TRADITIONAL COURSE**

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आर्य समाज रजौली के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न, डॉ. राम प्यारे प्रसाद बने प्रधान

**रजौली**। रजौली मुख्यालय स्थित आर्य समाज की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। प्रातःकाल हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद जिला सभा से आए चुनाव पर्यवेक्षक अश्विनी कुमार एवं सुनील कुमार की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ से हुआ। यज्ञ में बड़ी संख्या में आर्य समाज के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। यज्ञ के बाद हुई आम सभा में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से हुआ। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रधान के रूप में प्रधान डॉ. राम प्यारे प्रसाद, उप प्रधान अविनाश स्वरूप, मंत्री आदित्य प्रकाश आर्य, उप मंत्री दीपांकर कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष अनिल प्रकाश आर्य एवं अंकेक्षक बिजय कुमार निर्वाचित हुए। इनके साथ ही 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद पर्यवेक्षक अश्विनी कुमार ने कहा कि नई कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि सभी पदाधिकारी तन, मन, धन से समाज के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का उद्देश्य वैदिक धर्म का प्रचार-प्रसार और समाज सुधार है। नव-निर्वाचित टीम से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और युवाओं को जोड़ने की दिशा में काम करने की उम्मीद जताई गई। उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। वहीं नए प्रधान डॉ. राम प्यारे प्रसाद ने कहा कि आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज में शिक्षा, नैतिकता और संस्कारों के प्रचार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### नवादा जिले के पुलिस थानों को CCTNS CAS 1.0 प्रणाली से जोड़ने हेतु लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवादा**। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB), नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आज 'क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स' (CCTNS) के नए संस्करण CAS 1.0 को लेकर जिले के विभिन्न थानों के लिए एक दिवसीय लाइव प्रशिक्षण (Live Training) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अब तक जिले के सभी थानों में CCTNS प्रणाली Non-CAS संस्करण पर संचालित हो रही थी, जिसे अब आधुनिक CAS 1.0 संस्करण में अपग्रेड किया जा रहा है। नई प्रणाली लागू होने के बाद राज्य स्तर पर किसी भी थाने अथवा जिले का डेटा सरकार एवं संबंधित विभागों द्वारा केंद्रीकृत रूप से कहीं से भी देखा, मॉनिटर एवं रिपोर्ट के रूप में प्राप्त किया जा सकेगा। इससे डेटा प्रबंधन, निगरानी, रिपोर्टिंग एवं अपराध विश्लेषण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तेज होगी। कार्यशाला को बिहार के राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी (SIO) डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े प्रतिभागियों से संवाद करते हुए सभी नवस्थापित थानों में CCTNS CAS 1.0 परियोजना के सफल क्रियान्वयन पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि NIC नवादा की तकनीकी टीम के सहयोग से सभी संबंधित पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों के कंप्यूटर सिस्टम में CCTNS CAS 1.0 सॉफ्टवेयर का लाइव इंस्टॉलेशन भी कराया गया। इसके उपरांत सॉफ्टवेयर में डेटा एंट्री की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया तथा प्रतिभागियों को Hands-on Training प्रदान की गई। लाइव सत्र के दौरान नवादा जिले के विभिन्न थानों से जुड़े अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों द्वारा सॉफ्टवेयर संचालन, डेटा एंट्री तथा नेटवर्क कनेक्टिविटी से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान NCRB दिल्ली एवं NIC बिहार के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा तत्काल किया गया। CAS 1.0 प्रणाली पूरी तरह लागू होने के बाद नवादा जिले के सभी थानों में आपराधिक मामलों की ट्रैकिंग, एफआईआर पंजीकरण एवं अनुसंधान प्रक्रिया पहले से अधिक तेज, सुरक्षित एवं पारदर्शी हो जाएगी। डिजिटल माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों के रिकॉर्ड का सत्यापन एवं डेटा का आदान-प्रदान भी सरल होगा, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय), जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (DIO) श्रेया वर्मा,विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष, जिला रोलआउट प्रबंधक (DRM) मनीष कुमार एवं नेटवर्क इंजीनियर गोपेश्वर कुमार सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### आपसी रंजिश में हुई चाकूबाजी में दो की मौत दो जख्मी

**नरहट (नवादा)**। नवादा से बड़ी खबर है जहां पुराने रंजिश को लेकर दो पक्ष के लोग आपस में भिड़े हैं जिसमें चाकू बाजी में दो लोगों की मौत हो गई है।जबकि तीन लोग जख्मी हो गए हैं।जमकर हुए इस चाकूबाजी से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव की यह घटना है। जहां दो परिवार के बीच में हुए चाकू बाजी में दो युवकों की मौत हो गई है। मृतक की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद काशिफ 17 वर्षीय मोहम्मद अहमद के रूप में हुई है। दोनों आपस में मामा भगना है । वही मोहम्मद आतिफ मोहम्मद आमिर को भी इस चाकू बाजी में गंभीर रूप से जख्मी हैं। जबकि दूसरे पक्ष से एक महिला नाजरी प्रवीण जख़्मी हुई है। जिसे नवादा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि चुनाव को लेकर दोनों परिवार के लोग आपस में भिड़े थे और दोनों की तरफ से केस मुकदमा भी हुआ था। एक पक्ष को पूर्व में बेल मिल चुका था वहीं दूसरा पक्ष न्यायालय में सरेंडर कर जिसको बेल नही मिला। इसकी सूचना मिलते हैं परिवार पर दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया और चाकू के ताबड़तोड़ वार से दो लोगों की जान चली गई और तीन लोग जख्मी हो गए। फिलहाल इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है। वहीं मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है।चाकू चलाने वाले लोगों की अभी तक गिरफ्तारी नही हो सकी है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश में घटना हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित, समस्याओं का त्वरित समाधान

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना-अकबरपुर, ग्राम-पाती की मुन्नी देवी द्वारा बकाया पेंशन के भुगतान के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, ग्राम-लिकटौरा की मिंटू देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-सिमरीडीह के संजीत कुमार द्वारा निजी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने के संबंध में, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-वारिसलीगंज के महेश कुमार द्वारा दिए गए आवेदन पर कार्रवाई करने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर/रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में कुव्यवस्थाः 9 बजे तक बंद रहता है दवा काउंटर, मरीज परेशान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में कुव्यवस्था का आलम खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ओपीडी सुबह 8 बजे शुरू हो जाती है, लेकिन जरूरी दवा वितरण कक्ष 9 बजे तक बंद रहता है। शुक्रवार को दर्जनों भर्ती मरीजों को दवाएं बाहर से लानी पड़ीं या फार्मासिस्ट के इंतजार में घंटों बैठना पड़ा।

**एक घंटे तक दवा के लिए तड़पते रहे मरीज** :- सोमवार सुबह 8 बजे एलर्जी से परेशान रजौली निवासी गोपाल सिंह के 12 वर्षीय पुत्र प्रिशु राज को ओपीडी में डॉ. अभिप्राय चौधरी ने पर्चे पर दवा लिखी। लेकिन 9:10 बजे तक दवा काउंटर बंद रहने से बच्चा एक घंटे तक बीमार पड़ा रहा। करमा खुर्द की रीता देवी को छिपकली ने काट लिया। चिकित्सक ने पर्ची पर इंजेक्शन लिखा, पर काउंटर बंद होने से उन्हें एक घंटे से ज्यादा इंतजार करना पड़ा।

रजौली पुरानी बस स्टैंड निवासी रानी देवी अपनी बेटी अंजली कुमारी और बेटे गोलू कुमार के साथ सुबह 5 बजे से अस्पताल में हैं। दवा लिखे जाने के बाद भी काउंटर बंद होने से वे कर्मियों से पूछ-पूछ कर परेशान होती रहीं। इसके अलावा अंधरबारी के राहुल कुमार, रजौली बाजार के महेश प्रसाद, भाजपा अधिवक्ता संघ के नवादा जिला संयोजक दीपक कुमार, भड़रा के शिवालक प्रसाद समेत दर्जनों मरीज दवा के लिए लगभग एक घंटे से अधिक भटकते दिखे।

**हंगामे के बाद जीएनएम ने बांटी दवा** :- मरीजों और परिजनों के हंगामे के बाद ड्यूटी पर तैनात एक जीएनएम ने दवा वितरण शुरू किया। राहत तो मिली, पर लोगों में सवाल उठा—"अगर जीएनएम ही दवा दे सकती हैं तो फार्मासिस्ट की क्या जरूरत?" नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि पदस्थापित फार्मासिस्ट स्थानीय है और वर्षों से यहीं तैनात है। इसलिए काउंटर खोलने में लापरवाही बरती जाती है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद मरीज के परिजन द्वारा डायल 104 पर कॉल करके इसकी शिकायत भी की गई।

**प्रबंधन ने मानी कमी, बताया स्टाफ का संकट** :- अस्पताल मैनेजर विकास कुमार ने सुबह 9:08 बजे बताया कि फार्मासिस्ट रास्ते में हैं। मरीजों की परेशानी देख स्वास्थ्यकर्मियों से दवा बंटवाई जा रही है।

वहीं प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि अस्पताल में पांच फार्मासिस्ट के पद हैं, पर तैनाती सिर्फ एक की है। उस पर सभी कार्यों का बोझ है, इसलिए वह घर से खाना खाकर देर से आता है और शाम तक रुकता है। उन्होंने माना कि मरीजों की परेशानी के लिए बिहार स्वास्थ्य प्रबंधन जिम्मेदार है। जब तक नए फार्मासिस्ट की बहाली नहीं होती, मरीजों की परेशानी बनी रहेगी।

## विधि महाविद्यालय में एकदिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** । विधि महाविद्यालय, नवादा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के सहयोग से "सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य" जागृति योजना 2025 के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एन. मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बचपन बचाओ आंदोलन बिहार एवं झारखंड के राज्य संयोजक तथा पूर्व सदस्य, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग, मो. मुख्तरुल हक़ उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के अधिकार, उनकी सुरक्षा तथा पॉक्सो अधिनियम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं बाल सुरक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर सहायक व्याख्याता आकिल ईमाम खान ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के समन्वयक श्री श्याम किशोर मिश्रा, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद , सहायक व्याख्याता सपना राजमणि, जितेंद्र, शिव कुमार, संजीव कुमार एवं संतोष जी सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. डी. एन. मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करना समय की आवश्यकता है तथा ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## चूहा मारने की दवाई खाने से युवक गंभीर चिंताजनक हालत में पावापुरी रेफर



अस्पताल में इलाजरत घायल युवक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मांगोडीह गांव का एक युवक सोमवार की सुबह घरेलू विवाद में चूहे मारने की दवाई खा लिया। युवक को गम्भीर स्थिति में सुबह 9:15 बजे रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि चूहे मारने की दवाई खाए युवक की पहचान मांगोडीह गांव निवासी हारो राजवंशी के पुत्र रविन्द्र राजवंशी के रूप में हुई है। युवक की स्थिति गंभीर होने पर रविंद्र राजवंशी का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल भेजा गया है। चिकित्सक ने युवक की स्थिति को चिंताजनक बताया है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद रविंद्र राजवंशी के रिश्तेदार नीतीश कुमार ने बताया कि रविन्द्र गांव के समीप नदी के किनारे चूहे को मारने वाली दवाई खाकर गिरे पड़े थे। सूचना पर वे नदी किनारे पहुंचे और उसे अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया है। साथ ही कहा कि रविन्द्र कुमार ने ऐसा क्यों किया है, इसके पीछे कुछ स्पष्ट कारण की जानकारी उन्हें नहीं है।रविंद्र के पत्नी के अलावे दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

## रजौली जंगल से शराब मामले में 8 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, गिरफ्तार चार लोगों ने खोले राज

### बस चालक भी एक बोतल शराब के साथ हुआ गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के बसरौन गांव के समीप जंगली फगुनी जंगल में उत्पाद बलों ने बीते रविवार की शाम को पांच बाइकों पर लदे 19 कार्टूनों में बंद 384 बोतल विदेशी शराब जब्त किया था एवं चार तस्करों को गिरफ्तार किया था,जबकि एक तस्कर भगाने में सफल रहा था। उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र के निर्देश पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता व एसआई प्रवीण कुमार के द्वारा तस्करों द्वारा जंगली रास्तों का उपयोग कर रहे लोगों के विरुद्ध किए गए कार्रवाई से शराब माफियाओं में भय का माहौल व्याप्त है। शराब के परिवहन में जुटे तस्करों ने शराब के खेल में शामिल अन्य लोगों का नाम उत्पाद बलों के समझ खोल दिया है।



जब्त शराब व तस्कर के साथ उत्पाद बल

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब की खेप के साथ गिरफ्तार लोगों में सपही गांव निवासी स्व. रामावतार साव के पुत्र दिवाकर कुमार, टिटहियाँ गांव निवासी स्व. सुखु बेसरा के पुत्र विक्की कुमार व राज कुमार तुरिया के पुत्र राम कुमार एवं फगुनी गांव निवासी प्रकाश तुरिया के पुत्र आकाश कुमार शामिल है। गिरफ्तार सभी लोगों के पास से 36-36 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। जब्त शराब में रॉयल स्टैग के 375 एमएल वाले 336 बोतल एवं 750 एमएल वाले 48 बोतल शामिल है।

गिरफ्तार लोगों से पूछताछ किए जाने पर उनलोगों द्वारा बताया गया कि वे शराब की खेप को जंगली रास्तों से कुम्हरुआ गांव निवासी देवेंद्र यादव के पुत्र सनोज कुमार व कारू यादव के पुत्र सुमन कुमार एवं डुमरकोल गांव निवासी उदय राम सिंह के पुत्र सन्नी कुमार को देते हैं। उक्त सभी लोग रजौली एवं अन्य क्षेत्रों में शराब की बिक्री मुंहमांगे कीमत पर करते हैं।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार चारों तस्करों के अलावे फरार चार अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार लोगों को सोमवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने ही एक बस के चालक धमौल गांव निवासी गणेश पांडेय के पुत्र मिंटू पांडेय को रॉयल स्टैग के 750 एमएल वाले एक बोतल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह व एएसआई धर्मेंद्र कुमार के साथ गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## "जनभागीदारी—सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान के तहत जनजातीय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का सफल आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित "जनजातीय गरिमा उत्सव 2026" के अंतर्गत नवादा जिले में 18 मई से 25 मई 2026 तक विशेष जनभागीदारी अभियान "सबसे दूर—सबसे पहले" का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। नवादा जिले में इस अभियान का शुभारंभ दिनांक 18/05/2026 को जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया था। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन और समुदाय के बीच सहभागिता को मजबूत बनाना था।

जिला कल्याण पदाधिकारी,श्री प्रकाश प्रिय रंजन के द्वारा बताया गया कि अभियान के अंतर्गत नवादा जिले के दो प्रखंडों — रजौली एवं कौआकोल — के कुल नौ गांवों के 16 जनजातीय आबादी वाले टोलों को शामिल किया गया। इन क्षेत्रों में निवासरत संथाल, मुंडा, पातर, बिरहोर एवं खरवार जनजाति परिवारों तक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु व्यापक स्तर पर गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में हेल्थ कैंप, सैचुरेशन कैंप, ट्रांजिट वॉक, पौधारोपण कार्यक्रम तथा जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लोगों की सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई। जनजातीय परिवारों को स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण-पत्र निर्माण, बैंकिंग एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से कुल 16 स्वास्थ्य शिविर, 09 सैचुरेशन कैंप तथा 09 जनसुनवाई शिविर आयोजित किए गए।

जनसुनवाई शिविरों के दौरान विभिन्न प्रकार के कुल 180 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 117 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। शेष 63 लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए एक सप्ताह के भीतर निष्पादन कर दिया जाएगा।

अभियान के दौरान विभिन्न सरकारी सेवाओं से संबंधित मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया। इनमें आधार कार्ड से संबंधित 03, आयुष्मान कार्ड के 11, जाति प्रमाण पत्र के 10, राशन कार्ड के 12, आवास प्रमाण पत्र के 20, मनरेगा जॉब कार्ड के 55, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 03 तथा जन्म प्रमाण पत्र के 02 मामलों का त्वरित समाधान किया गया।

स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ टीबी जांच एवं सिकल सेल एनीमिया जांच भी की गई। इसके अतिरिक्त अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा जनजातीय गांवों एवं टोलों का भ्रमण कर स्थानीय समस्याओं का आकलन किया गया तथा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## रजौली प्रखंड में ब्लॉक बैंकरों की बैठक आयोजित, जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुआ मंथन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को ब्लॉक बैंकरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा ने की। बैठक में एलडीएम संजय कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा बैंक कर्मियों को योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। बैठक में किसान सम्मान योजना के तहत ऋण वितरण, प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना, सरकारी बालिका योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आर्थिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डेबिट कार्ड योजना समेत दर्जनों योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बीडीओ ने सभी बैंक



कार्यालय में बैठक करते बीडीओ,एलडीएम व अन्य

प्रतिनिधियों से कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जरूरतमंद लोगों को सरल प्रक्रिया के तहत ऋण मुहैया कराने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि बैंक केवल वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए सभी बैंक समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जीविका के बीपीएम मनीष कुमार, दक्षिण मध्य बिहार बैंक तथा बंधन बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक का कोई प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं हुआ, जिस पर नाराजगी भी जताई गई। बैठक में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं जनहित में समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

## प्रधान शिक्षक वेतन विसंगति और प्रोन्नति को लेकर शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल बाजार अवस्थित पीएनबी बैंक के पास सोमवार को बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक जय प्रकाश मेहता ने की,जबकि मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार ने किया। इस दौरान संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि नियोजित शिक्षकों की बकाया राशि वर्षों से लंबित पड़ी हुई है,लेकिन विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नियोजित शिक्षकों की 12 वर्षीय कालबद्ध प्रोन्नति एवं विशिष्ट शिक्षकों की 8 वर्षीय प्रोन्नति संबंधी सेवा पुस्तिका प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से जिला शिक्षा कार्यालय, स्थापना शाखा नवादा को नहीं भेजी जा रही है, जिससे शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा समिति का गठन कई स्थानों पर ग्रामीणों की आपसी रंजिश के कारण नहीं हो पा रहा है, जिससे विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित हो रही है। शिक्षकों द्वारा बार-बार समस्याएं उठाने के बावजूद अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर शिक्षकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। जिला सचिव अजय कुमार ने



कहा कि पिछले दो माह से नियोजित शिक्षकों एवं सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत स्नातक ग्रेड शिक्षकों का वेतन भुगतान लंबित है। वहीं विशिष्ट एवं नियमित शिक्षकों के एरियर का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधान शिक्षकों के वेतन में भारी विसंगति है, जिसके कारण उन्हें कम वेतन मिल रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, नवादा द्वारा विशेष कैंप लगाकर वेतन विसंगति दूर करने की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अरुण कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, प्रदीप कुमार निराला को प्रखंड सचिव, प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार, लक्ष्मी कुमारी एवं मो. शमशेर आलम को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं ओम शंकर कुमार, गौरी शंकर केसरी, रोहित कुमार एवं अंजली कुमारी को संयुक्त सचिव, उत्तम कुमार को कोषाध्यक्ष,अनिल कुमार को अंकेक्षक तथा जय प्रकाश मेहता को कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अवध कुमार पासवान, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, अलका सिन्हा, रणवीर कुमार, पप्पू पासवान, मदन कुमार एवं सुनील कुमार का चयन किया गया। बैठक के अंत में नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को जिला कमिटी की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। मौके पर जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मो. मिनहाज अंसारी, संतोष पासवान, सुनील कुमार पासवान समेत सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की मौत, हत्या की आशंका

**गयाजी।** गयाजी जिले के शेरघाटी में परिजनों के मुताबिक गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शेरघाटी शहर के रमना मेला के रहने वाले रिजवान शेख उर्फ लड्डू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गोली लगने से उसका दाहिना हाथ बुरी तरह फट गया था। घटना आमस थाना क्षेत्र के बैदा गांव में हुई बताई जा रही है। हाथ इस कदर चोटिल हुआ है जो पुलिस अधिकारियों के मन में शंका पैदा कर रही है लेकिन फिलहाल पुलिस चुप्पी साध जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद परिजन गंभीर हालत में रिजवान को लेकर शेरघाटी पहुंचे। उसकी हालत काफी खराब थी। जख्म काफी गहरे थे। केहुनी के नीचे का हाथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त दिख रहा था। आनन-फानन में इलाज की कोशिश की गई, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं इलाके में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। शेरघाटी के एसडीओ संदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर गोली कैसे चली और घटना किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस फिलहाल हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है। शुरुआती तौर पर यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हादसा था या फिर किसी विवाद के दौरान गोली चली। पुलिस बैदा गांव और आसपास के इलाके में भी जानकारी जुटा रही है। घटना के वक्त मृतक के साथ मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इस सनसनी खेज घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग भी मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ संदीप कुमार का कहना है कि अभी मौके पर हैं पूछताछ व जानकारी जुटाई जा रही है। इसके बाद ही सही जानकारी दी जाएगी। फिलहाल रिजवान की मोक्त हो चुकी है।

### नालंदा में 17 घंटे के अंदर लूटकांड का खुलासा, सारे पुलिस ने पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नालंदा।** नालन्दा जिले के सारे थाना क्षेत्र में लूट की एक बड़ी वारदात का पुलिस ने महज 17 घंटों के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने न केवल लूटी गई राशि और मोबाइल बरामद की है, बल्कि घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के सभी सदस्यों को भी दबोच लिया है। डुमरांव निवासी सोहन पासवान से 23 मई 2026 की शाम लूटपाट हुई थी। पीड़ित से 45,000 रुपए नकद और एक कीपैड मोबाइल छीन लिया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सदर डीएसपी-1 संकेत कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में सीआई (CI) अस्थावां, सारे थानाध्यक्ष और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा लिया और स्थानीय स्तर पर सूचना संकलन कर तेजी से कार्रवाई की। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ कि घटना के पीछे स्थानीय स्तर पर ही रची गई साजिश थी। पाइप खरीदने के बहाने ओम प्रकाश उर्फ शिवन ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर योजना बनाई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुल 5 लोगों को पकड़ा है, जिनमें एक नाबालिग है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तम कुमार, राकेश कुमार उर्फ मझला, भुल्ला, ओम प्रकाश उर्फ शिवन है। पुलिस ने लूटी गई 45,000 रुपए की राशि में से 43,000 रुपए नकद और कीपैड मोबाइल बरामद कर लिया है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में से उत्तम कुमार और राजेश कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ सारे थाना में आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में मामले दर्ज है। नालंदा पुलिस की इस उपलब्धि की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। डीएसपी(सदर) संकेत कुमार ने बताया कि मामले का खुलासा करने वाली टीम के सराहनीय कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत करने की अनुशंसा भी की जा रही है।

### राजगीर टूरिस्ट वे निर्माण से दहशत में 10 परिवार, जगदीशपुर तियारी गांव के लोगों ने की मदद की अपील

**नालंदा।** पटना के जगदंबा स्थान स्थित करौटा से नालंदा के राजगीर तक बन रहे टूरिस्ट-वे प्रोजेक्ट को लेकर नूरसराय प्रखंड के जगदीशपुर तियारी गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। सड़क निर्माण की जद में आ रहे करीब 10 से अधिक परिवारों के घर टूटेंगे। इसी को लेकर गांव के लोगों ने प्रशासन से अपील की कि अगर सड़क के एलाइनमेंट को गांव से 20 फीट दूर खेतों से ले जाया जाए, तो हम लोगों के घर सुरक्षित बच सकते हैं। उधर, ग्रामीणों की अपील पर प्रशासन की ओर से जवाब दिया गया है कि अब एलाइनमेंट में बदलाव संभव नहीं है। प्रभावित ग्रामीणों में डब्लू जमादार, पूना जमादार, नागेंद्र जमादार, रामप्रीत जमादार, राजनीति पासवान, रामानंद पासवान और नागेंद्र पासवान समेत अन्य शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में सड़क की पैमाइश कहीं और से की गई थी, लेकिन बाद में इसे बदलकर उनके घरों के बीच से निकाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे भूमिहीन हैं और सरकार की ओर से दी गई इंदिरा आवास योजना के तहत बने उनके घर ही उनके रहने का एकमात्र सहारा है। ग्रामीणों का तर्क है कि यदि सड़क को थोड़ा मोड़कर खेतों से निकाला जाए, तो कोई भी घर क्षतिग्रस्त नहीं होगा। ग्रामीणों के आरोप पर नूरसराय के अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि एलाइनमेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि ये एलाइनमेंट 2012-14 से ही निर्धारित है और सड़क उसी नक्शे पर बन रही है। अंचल अधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों को भ्रम हो, जिसे दूर करने के लिए हाल ही में आरसीडी (RCD) अधिकारियों के साथ फिर से पैमाइश कराई गई है और कैंप लगाकर मुआवजे की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। जिनका रैयती जमीन है, उन्हें मुआवजा दिया जा रहा है और कुछ लोगों ने राशि ले भी ली है। प्रशासन के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य का बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका है, केवल बीच का यही हिस्सा शेष है। अंचलाधिकारी ने ने दो टूक शब्दों में कहा कि एलाइनमेंट एक बार फाइनल होने के बाद उसे बदलना संभव नहीं है। प्रशासनिक रुख से साफ है कि निर्धारित नक्शे के अनुसार ही सड़क निर्माण पूरा किया जाएगा।

### जेल से छूटते ही आरोपी ने दंपती पर बरपाया कहर

**नालंदा।** नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र पूर्व के विवाद को लेकर दबंगों ने एक दंपती के साथ मारपीट की है। इस दौरान घर पर पथराव भी किया गया है। जिसका वीडियो सामने आया है। घटना भत्तु बीघा गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, मारपीट का मुख्य आरोपी अविनाश कुमार हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया है। जेल से बाहर आते ही उसने अनुज को अपना निशाना बनाया। घर के बाहर आरोपी अविनाश गाली गलौज कर रहा था। जब अनुज मना करने गया तो उस पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि अविनाश ने उन पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आई पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। किसी तरह जान बचाकर दंपती अपने घर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके घर पर भी जमकर रोड़ेबाजी की। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अब पुलिस कार्रवाई में जुटी है। यह पूरी रंजिश 25 जनवरी को हुई एक गिरफ्तारी से जुड़ी है। अविनाश पर आरोप है कि उसने 24 जनवरी को नीरज कुमार के घर पर चढ़कर फायरिंग की थी और गाली-गलौज की थी। इस मामले में बेन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित अजंता सिनेमा के पीछे से अविनाश को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। अविनाश को संदेह था कि अनुज ने ही पुलिस को उसके छिपने की सटीक जानकारी दी थी, जिसकी खुन्नस उसने जेल से बाहर आते ही निकाली। मारपीट में घायल अनुज और उसकी पत्नी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में बेन थानाध्यक्ष रविराज ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त होते ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद की बिल्डिंग में नकली दवा फैक्ट्री का खुलासा

# ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में भारी मात्रा में दवाएं बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित न्यू पीपरपाती मोहल्ले में सोमवार को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकली और नशीली दवाओं के बड़े कारोबार का खुलासा हुआ। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कफ सिरप, नींद की गोलियां और अन्य संदिग्ध दवाएं बरामद की गईं।

मामले में विकास कुमार मौहरी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पूर्व सांसद रंजीत सिंह उर्फ रंग सिंह की बिल्डिंग में की गई। पूर्व सांसद का निधन हो चुका है और भवन को किराए पर दिया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि किराएदार विकास कुमार मौहरी यहां गुप्त रूप से दवा का अवैध कारोबार चला रहा था। इसी




भवन में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का कार्यालय भी किराए पर संचालित हो रहा है।

ड्रग इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि बरामद दवाओं में बड़ी मात्रा में कफ सिरप और नींद की गोलियां शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में इन दवाओं की सप्लाई की जा रही थी। जांच एजेंसियों के अनुसार बाहर से दवाएं मंगाकर इस भवन में गुप्त रूप से स्टॉक किया जाता था। इसके बाद अलग-अलग राज्यों में इसकी खेप भेजी जाती थी। अधिकारियों का कहना है कि बरामद दवाओं की गुणवत्ता और असलियत की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार विकास कुमार मौहरी से लगातार पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में उसने बताया कि हाल के दिनों में ही उसने दवा निर्माण और सप्लाई का कारोबार शुरू किया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। इस बड़ी कार्रवाई के बाद न्यू पीपरपाती इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और ड्रग विभाग की टीम पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## बकरीद को लेकर बेलागंज थाना में शांति समिति की बैठक




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेलागंज।** गया जिले के बेलागंज थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी गजानंद मेहता ने की। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी गजानंद मेहता ने लोगों से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, ताकि बकरीद का पर्व शांति और उल्लास के साथ संपन्न हो सके।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हुड़दंग करने, माहौल बिगाड़ने अथवा शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और अफवाह फैलाने वालों पर भी प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में राजस्व पदाधिकारी रोशन कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम विनय शर्मा, नोनू सिंह, पूर्व मुखिया बद्दू खान, सरपंच महेंद्र कुमार, देवदास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाने का संकल्प लिया।

# भीषण गर्मी के कारण गया में आठवीं तक के स्कूल बंद

## 42 डिग्री के करीब पहुंचा तापमान, प्रशासन ने जारी किया आदेश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज लू ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने के बाद जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आठवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 31 मई तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कक्षा एक से आठवीं तक के सभी विद्यालयों के साथ-साथ प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग संस्थानों का संचालन भी 31 मई तक बंद रहेगा। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई सुबह 11 बजे तक ही कराई जाएगी। यह आदेश 26 मई 2026 से प्रभावी होगा। जिला प्रशासन का कहना है कि भीषण गर्मी और लू का असर छोटे बच्चों पर सबसे अधिक पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एहतियातन यह निर्णय लिया गया है, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों को आदेश




का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की जा सकती है। आदेश की प्रति मगध प्रमंडल आयुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारियों समेत संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है, ताकि आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके।

## मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के तहत खिजरसराय में जरूरतमंद परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया जिले के खिजरसराय प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के तहत सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर और संकटग्रस्त परिवारों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में लाभुकों और ग्रामीणों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी सुमन ने की। उन्होंने लाभुकों को सहायता राशि के चेक सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। ऐसी परिस्थितियों में मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना प्रभावित परिवारों के लिए सहारा बनती है और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। इसके लिए पंचायत स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद परिवार सरकारी योजनाओं की जानकारी से वंचित न रहें।

योजना के अंतर्गत सरवहदा गांव निवासी स्वर्गीय सुनील कुमार की पत्नी आरती देवी को 20 हजार रुपये



की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं उचौली हाजीचक गांव निवासी स्वर्गीय लखनदर मांझी की पत्नी ननकी देवी को भी योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई। चेक प्राप्त करने के बाद दोनों लाभार्थियों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके परिवार के लिए कठिन समय में बड़ी मदद साबित होगी। बीडीओ कुमारी सुमन ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोग संबंधित कार्यालयों से संपर्क करें और सही जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## सड़क दुर्घटना में ईआरवी शिव शंकर की आकस्मिक मौत, मचा कोहराम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के नारडीडीह निवासी ईआरवी शिव शंकर का शव सोमवार की सुबह नौ बजे गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। उनके पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्वजन व शुभचिंतकों के आंखों में अनवरत आंसू की धारा बह रही थी। हर कोई घटना को लेकर हतप्रभ थे। पैतृक निवास पर करुण क्रंदन से हर कोई मर्माहत हो रहे थे। मृतक की पत्नी संगीता देवी,पुत्र कन्हैया कुमार और पुत्री दीपा कुमारी समेत अन्य परिजन दहाड़े मार कर रो रहे थे। उनकी पत्नी बार बार बेहोश हो रही थी। ग्रामीण गणेश कुमार,कार्तिक कुमार,राजा शर्मा,गैनु सिंह,विनोद कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष विपिन कुमार समेत अन्य लोग पहुंचे, और सांत्वना देने में लगे रहे। उनके पार्थिव शरीर को गया जी स्थित विष्णुपद में हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। जहां मृतक के पुत्र कन्हैया कुमार ने अश्रुपूरित नेत्रों से मुखाग्नि दी। विदित हो कि नारडीडीह



निवासी ईआरवी शिवशंकर पुलिस लाइन के समीप पार कर शौचालय से लौट रहे थे। इसी बीच सड़क पर करने के दौरान ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मारी । घटना स्थल पर शिव शंकर की मौत हो गई। घटना रविवार को तकरीबन नौ बजे रात की है। मृतक 112 के चालक सिपाही थे। भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देने के बाद वो 2022 से ईआरवी में कार्यरत थे। घटना की सूचना के बाद एसपी अभिनव धीमान घटनास्थल पर पहुंचे। और घटनाक्रम की जानकारी ली। उसके बाद मृतक के स्वजन को सांत्वना दी। इस घटना को लेकर पुलिसकर्मियों में शोक व्याप्त हो गया। पुलिसकर्मियों ने भी संवेदना व्यक्त की है।

# गयाजी में संपत्ति विवाद में आत्मदाह की धमकी दी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी जिले के चाकंद थाना क्षेत्र के सोढ़ना गांव के रहने वाले बीएसएफ के जवान श्रवण कुमार चौधरी ने परिवार संग आत्मदाह की धमकी दी है। उन्होंने पैतृक संपत्ति विवाद और कथित झूठे मुकदमे को लेकर गयाजी के एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने पिता चंद्रदेव चौधरी, दोनों सगे भाइयों अरविंद रंजन (शिक्षक) और गौतम रंजन (कृषि विभाग में पोस्टेड) पर आरोप लगाए हैं। जवान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह पत्नी और बच्चों के साथ आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। उन्होंने आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का अधिकार दिलाने तथा उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी की समीक्षा करने की मांग की है।

श्रवण कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि उनके दोनों भाइयों ने साजिश रचकर उनके पिता से जबरन पैतृक संपत्ति बेचवा दी। जमीन बिक्री से प्राप्त राशि से भाइयों



ने अपने-अपने नाम पर शहर में जमीन खरीदकर मकान एवं दुकान का निर्माण करा लिया। उन्होंने बताया कि उनके दादा स्वर्गीय राम भजन चौधरी के नाम पर लगभग एक बीघा जमीन थी, जिसे उनकी जानकारी के बिना 2019 में बेच दिया गया। इतना ही नहीं, जानकारी मिलते ही वर्ष 2023 में उन्हें और उनके परिवार को पैतृक घर एवं जमीन से बेदखल कर दिया गया। श्रवण कुमार चौधरी वर्तमान में मथुरा में सीमा सुरक्षा बल की 167वीं वाहिनी में सहायक उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

**कहा- 20 नवंबर 2024 को सीनियर एसपी को शिकायत दी थीः** शिकायतकर्ता जवान ने बताया कि इस मामले को लेकर 20 नवंबर 2024 को वरीय पुलिस अधीक्षक, 21 नवंबर 2024 को जिलाधिकारी एवं अंचल अधिकारी तथा 23 नवंबर 2024 को चाकंद थाना में आवेदन देकर शिकायत की थी। इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जवान ने यह भी आरोप लगाया कि बीते 26-27 फरवरी 2025 की रात उनके घर में घुसकर उनके मौसेरे भाई चंदन कुमार के साथ मारपीट की गई, लेकिन इस घटना में उन्हें ही नामजद करते हुए चाकन्द थाना में एफआईआर संख्या 68/2025 दर्ज कर दी गई।

**जवान ने कहा- घटना के समय असम में ड्यूटी पर तैनात थाः** बीएसएफ जवान का दावा है कि घटना के समय वह असम में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे और इसकी जानकारी तथा प्रमाण संबंधित अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को भी उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद को लेकर सिविल कोर्ट, गया में पार्टिशन सूट संख्या 191/2024 भी लंबित है, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल सका है। उन्होंने अपने और अपने बच्चों के वैधानिक अधिकार की रक्षा करने, कथित झूठे मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में सेना के जवान श्रवण कुमार चौधरी ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वह लंबे समय से न्याय के लिए प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

**भइयों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराकर फंसाने का आरोप भी लगायाः** वहीं बीएसएफ जवान श्रवण कुमार चौधरी ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी 2025 की रात उनके दोनों भाइयों ने मिलकर उनके घर के बाहर बनी दीवार को अंधेरे में तोड़ दिया। उन्होंने दावा किया कि इसके बाद छोटे भाई गौतम रंजन ने उसी घटना का झूठा आरोप उन पर लगा दिया, जिसका ऑडियो साक्ष्य भी उनके पास मौजूद है। जवान का कहना है कि जब इस साजिश में उन्हें फंसाने में सफलता नहीं मिली तो चार दिन बाद चाकू हमले की एक नई साजिश रचकर उन्हें मुकदमे में नामजद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कथित घटना के समय वह पिछले तीन महीनों से अपनी ड्यूटी पर असम में तैनात थे, इसलिए आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

# बकरीद पर पुलिस अलर्ट, फ्लैग मार्च निकाला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** आगामी बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए नालंदा पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। बिहारशरीफ सदर डीएसपी-1 संकेत कुमार ने बताया कि प्रशासन अलर्ट मोड पर है और सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिला, अनुमंडल और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें पूरी कर ली गई हैं, जिसमें सदस्यों की समस्याएं सुनकर निवारण के उचित दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

जिले के सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा रही है। असामाजिक तत्वों में खौफ और आम लोगों में सुरक्षा का भाव जगाने के लिए पुलिस संवेदनशील इलाकों में सघन फ्लैग मार्च निकालेगी। इसके साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में जवानों को दंगा नियंत्रण अभ्यास भी कराया जा रहा है।



**सोशल मीडिया सेल की पैनी नजरः** त्यौहार के दौरान अफवाहों को रोकने के लिए जिला स्तरीय सोशल मीडिया सेल को काफी एक्टिव कर दिया गया है। डीएसपी ने बताया कि व्हाट्सएप स्टेटस, भ्रामक वीडियो और पोस्ट पर 24 घंटे लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई भी संदिग्ध या आपत्तिजनक पोस्ट मिलता है, तो तुरंत संबंधित थाने को सूचित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**कानून हाथ में न लें, पुलिस को बताएंः** प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की भ्रामक खबरों या अफवाहों से दूर रहें और जब तक प्रशासन का कोई औपचारिक बयान न आए, उन बातों पर विश्वास न करें। पर्व के दौरान कुर्बानी के अवशेषों को दबाने के लिए प्रशासन द्वारा गड्ढों की जगह चिन्हित कर ली गई है। डीएसपी ने आम जनता से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग कानून को अपने हाथ में लेने के बजाय तुरंत पुलिस-प्रशासन को सूचित करें।

## गयाजी में सड़क किनारे मिला जमीन कारोबारी का शव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में जमीन कारोबारी की हत्या का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचायती अखाड़ा के रहने वाले मोहम्मद इश्तियाक का शव मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के पथरौरा हाईवे के पास से बरामद किया गया है। इश्तियाक बीते दिन से घर से लापता थे। सोमवार दोपहर हाईवे किनारे शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के नीम गली निवासी मोहम्मद इश्तियाक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह जमीन कारोबार और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। परिवार वालों के मुताबिक इश्तियाक रविवार से घर नहीं लौटे थे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। इसी बीच पथरौरा हाईवे के पास एक शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान इश्तियाक के रूप में की।

घटना की जानकारी मिलते ही मगध मेडिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार का कहना है कि पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है। शुरुआती जांच में रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद में इश्तियाक की हत्या की गई है। हालांकि पुलिस अभी हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। मेडिकल थाना इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि पथरौरा हाईवे के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है, जिसकी पहचान मोहम्मद इश्तियाक के रूप में हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पीडीएस व्यवस्था में भ्रष्टाचार का आरोप

**आरा** । आरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खाद्य आपूर्ति विभाग और अनुमंडल कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) में व्यापक अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि आरा शहर में गरीब और जरूरतमंद लोगों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने दावा किया कि राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है और आम लोगों के साथ-साथ डीलरों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि गोदामों से निर्धारित मात्रा में अनाज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण लाभुकों को पूरा राशन नहीं मिल पाता और डीलरों के बीच भी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य आपूर्ति कार्यालय में पारदर्शिता की कमी है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। माले नेता ने अनुमंडल कार्यालय में प्रतिनियुक्त एक शिक्षककर्मी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मी की प्रतिनियुक्ति के दौरान विभागीय काम प्रभावित हुआ और कई मामलों में लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस बीच यह जानकारी भी सामने आई है कि संबंधित शिक्षककर्मी की प्रतिनियुक्ति 20 मई को ही अनुमंडल कार्यालय की ओर से रद्द कर दी गई थी और उन्हें अपने मूल विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। क्यामुद्दीन अंसारी ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और पीडीएस व्यवस्था में सुधार की मांग की। वहीं, इस मामले में अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। आरोपों की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। ऐसे में अब लोगों की नजर प्रशासनिक जांच और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### सड़क हादसे में जख्मी अधेड़ की मौत

**आरा** । भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर बाजार पर सड़क हादसा हुआ। इसमें जख्मी अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में रविवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी स्व. नथुनी सिंह के 46 साल का बेटा सुनील सिंह है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के छोटे भाई पिंटू कुमार ने बताया कि बीते 21 मई बुधवार की सुबह वह उदवंतनगर बाजार पर सामान खरीदने गए थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। तब स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले जाया गया था। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन सदर अस्पताल ना लाकर उन्हें पटना में स्थित निजी अस्पताल ले गए थे। जहां इलाज के दौरान आज सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उनके शव को वापस गांव ले आए और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक अपने पांच बहन व तीन भाई में सातवें स्थान पर थे।

### सोन नदी में डूबे छात्र के पिता ने लगाई गुहार

**आरा** । भोजपुर जिले के कोइलवर पुराने पुल के पास सोन नदी में एक माह पहले डूबने से छात्र मो. साकिब की मौत हो गई थी। इस मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। मृतक के पिता ने इस घटना को महज हादसा मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बेटे के दोस्तों पर साजिश के तहत नदी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाते हुए कहा है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्रवाई नहीं होने से खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत होता है, लेकिन सभी बिंदुओं पर जांच जारी है। जानकारी के अनुसार एक अप्रैल की दोपहर सकड्डी गांव वार्ड संख्या-7 निवासी मो. महायुद्दीन का पुत्र मो. साकिब अपने कुछ दोस्तों के साथ सोन नदी किनारे फोटो शूट कराने गया था। इसी दौरान नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी। पिता ने उसी समय थाना में आवेदन देकर सुरौंधा कॉलोनी निवासी तीन युवकों पर बेटे को घर से बुलाकर ले जाने और फिर नदी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी भी दर्ज की थी। मो. महायुद्दीन का आरोप है कि उनके बेटे और उसके दोस्त हैदर के बीच करीब एक वर्ष पहले गांव में नाश्ते की दुकान पर मामूली विवाद हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे को हैदर के साथ रहने से मना कर दिया था। करीब छह माह पहले हैदर एक लड़की को लेकर भाग गया था। बाद में पकड़े जाने पर लड़की के परिजनों ने उसकी पिटाई की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आरोप है कि उनके बेटे मो. साकिब ने भी वह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसी बात को लेकर हैदर उनके बेटे से रंजिश रखता था। उसी दुश्मनी में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर साकिब की हत्या कर दी। पीड़ित पिता ने बताया कि वह इस मामले में दो बार पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इधर, कोइलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले के सभी पहलुओं की जांच कर अनुसंधान किया जा रहा है।

### ट्रेन से कटकर शटरिंग ठेकेदार की मौत

**आरा** । भोजपुर में ट्रेन से कटकर शटरिंग ठेकेदार की मौत हो गई। दूसरे दिन शव की पहचान हुई है। मृतक उदय राय(55) छोटका गांव के रहने वाले थे। घटना कोइलवर स्टेशन पास डाउन लाइन की है। मृतक के बेटे विकास कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दवा लेने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटे। खोजबीन के दौरान कोइलवर स्टेशन पहुंचा तो पता चला कि ट्रेन की चपेट में आने से 2 लोगों की मौत हुई है। जिसके बाद आरा रेल थाना पहुंचा। वहां पुलिस ने फोटो दिखाया, जिसके बाद उनकी पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। सूचना मिलने पर राजद नेता रघुपति यादव अस्पताल पहुंचे। परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मृतक छह भाई-बहन में दूसरे नंबर पर था। परिवार में पत्नी संगीता देवी, एक पुत्री सुमन कुमारी और बेटा विकास कुमार है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 12 साल की बच्ची की मौत

**आरा** । भोजपुर में सांप के काटने से एक बच्ची की मौत हो गई। दो महीना पहले ननिहाल आई थी। मृतका की पहचान बड़हरा के पैगा निवासी शेषनाथ पासवान की पुत्र स्नेहा कुमारी(12) के तौर पर हुई है। पांचवीं क्लास में पढ़ती थी। घटना बिहियां थाना क्षेत्र के खरौनी गांव की है। मामा मुकेश कुमार पासवान ने बताया कि उनके घर में शादी थी। जिसको लेकर दो महीना पहले वह अपने घर से ननिहाल आई थी। घर में ही बाथरूम जा रही थी, उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डस लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृत किशोरी तीन भाई-बहन में तीसरे नंबर पर थी। माता-पिता की इकलौती लाडली थी। परिवार में मां बिंदा देवी, भाई रितिक और बंटी है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### किला मैदान की धूल पर सियासत तेज

**बक्सर** । बक्सर में सम्राट चौधरी के दौरे के दौरान किला मैदान में उनके हेलीकॉप्टर का धूल और मिट्टी के कारण लैंड न कर पाना अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। इस घटना के बाद सांसद सुधाकर सिंह ने राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन पर निशाना साधा है। सांसद सुधाकर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबी पोस्ट साझा की। उन्होंने कहा कि जिस किला मैदान की धूल ने मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को उतरने नहीं दिया, उसी धूल को बक्सर की जनता वर्षों से अपने फेफड़ों में भरने को मजबूर है। उन्होंने आगे कहा कि शायद पहली बार सत्ता की नजर उस बदहाल व्यवस्था पर पड़ी होगी, जिसे आम लोग रोज झेलते हैं। अपनी पोस्ट में सुधाकर सिंह ने किला मैदान को बक्सर शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक धड़कन बताया।

# सड़क हादसे में स्पेशल ब्रांच के पुलिसकर्मी की मौत

♦ दादा के निधन के बाद गांव आए थे, स्कूटी से पटना ड्यूटी जाने के दौरान बस ने रौंदा


राजीव रंजन सिंह
मृतक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। आरा के नगर थाना क्षेत्र में आरा-पटना मुख्य मार्ग सोमवार को एक सड़क हादसे में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के इंदु महिला कॉलेज के पास की है। जानकारी के मुताबिक, स्कूटी सवार पुलिसकर्मी ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेज रफ्तार बस ने रौंद दिया। हादसे के बाद पुलिसकर्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट कराया गया, लेकिन यहां इलाज से पहले डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इसकी जानकारी ट्रैफिक पुलिस ने मृत पुलिसकर्मी के परिजन को दी, जिसके बाद वे लोग अस्पताल पहुंचे। मृतक की पहचान आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव वार्ड नंबर-9 के रहने वाले राम लायक सिंह के बेटे 45 साल के राजीव रंजन सिंह के रूप में हुई है। राजीव रंजन सिंह पटना में स्पेशल ब्रांच में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे।

**दादा के निधन के बाद गांव आए थे राजीव रंजन सिंह** : परिजन अनिल कुमार ने बताया कि राजीव के 103 साल के दादा राम प्रसाद सिंह का 19 मई को निधन हो गया था। इसके बाद राजीव रंजन सिंह पटना से अपने गांव आए थे। सोमवार को 7वें दिन रीति-रिवाज पूरी करने के बाद वे स्कूटी से पटना जा रहे थे। इसी दौरान बस स्टैंड इंदु महिला कॉलेज के पास स्कूल बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बस से रौंदे जाने के बाद ASI राजीव रंजन के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई थी। खून से लथपथ हालत में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मौत हो चुकी थी। अनिल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा कि राजीव रंजन स्ट्रेचर पर मृत अवस्था में पड़े हैं। वहीं, यातायात थानाध्यक्ष नागेंद्र कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार से जा रही स्कूल बस ने उनके स्कूटी में टक्कर मारी थी। इसके बाद स्कूल बस को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि मृत ASI के घर में पत्नी स्मिता सिंह एवं दो बेटे यशवीर एवं अमृत राज है।

## मदई डबल मर्डर केस में 8 आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** । भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदई गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों पक्षों के आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार की रात महज डेढ़ फीट जमीन को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया था, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 11 लोग घायल हो गए थे।

**दोनों पक्ष से 36 लोगों पर केस दर्ज**: पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में एक पक्ष से लाल बाबू सिंह, अवधेश सिंह, राकेश कुमार और गोरखनाथ सिंह शामिल हैं। दूसरे पक्ष से जितेंद्र सिंह, हरेराम सिंह, सत्यनारायण सिंह एवं जलंधर सिंह की गिरफ्तारी हुई है। जितेंद्र सिंह और जलंधर सिंह आपस में सगे भाई हैं। मामले में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक पक्ष से लाल बाबू सिंह के बयान पर 20 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष से जलंधर सिंह के बयान पर 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

**हिंसक झड़प में 2 लोगों की मौत**: शुक्रवार की रात मदई गांव में डेढ़ फीट जमीन के कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और लोहे के रॉड चलने लगे। मारपीट गांव से शुरू होकर चरपोखरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तक पहुंच गई, जहां भी दोनों पक्ष भिड़ गए। इस हिंसक संघर्ष में एक पक्ष के राजनाथ सिंह और दूसरे पक्ष के सत्यनारायण सिंह के पुत्र राधेश्याम सिंह(30) की मौत हो गई। दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई जारी है।

## 'हरे रंग और किसानों से भाजपा को चिढ़'-सांसद



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने रविवार देर रात शहर के मुसाफिरगंज स्थित दारुल उलूम अशरफिया मदरसा में आयोजित दस्तारबंदी जलसा कार्यक्रम के दौरान भाजपा और बिहार सरकार पर हमला बोला। उन्होंने भाजपा नेताओं को "नकली हिंदू" और "रावण भक्त हिंदू" बताया, जिसके बाद जिले की राजनीति गरमा गई है।

**खुद को रामभक्त बताते हैं,आचरण विपरीत** : सांसद सुधाकर सिंह ने अपने बयान में कहा कि भाजपा के लोग खुद को रामभक्त बताते हैं, लेकिन उनका आचरण इसके विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया, "ये लोग नकली हिंदू हैं। भाजपा वाले राम भक्त नहीं, बल्कि रावण भक्त हिंदू हैं। जो वामन भगवान संसार को मुक्ति दिलवाए, उसी भगवान को ये घमंडी लोग मुक्त कराने की बात कर रहे हैं।" सिंह ने बिहार सरकार और भाजपा नेताओं पर किसानों की अनदेखी का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि हरा रंग किसानों की पहचान और हरियाली का प्रतीक है, लेकिन भाजपा को किसानों और हरियाली दोनों से समस्या है।

**प्रधानमंत्री को टीवी पर आकर रोना पड़ा** : सांसद ने आगे कहा, "भाजपा को किसानों से बहुत पहले से चिढ़ है। यही लोग किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लेकर आए थे। लेकिन हरे गमछे वाले किसानों ने केंद्र सरकार को घुटनों पर ला दिया था। प्रधानमंत्री को टीवी पर आकर रोना पड़ा था। उसी का बदला ये लोग समय-समय पर किसानों और हरे रंग से निकालते रहते हैं।" मुख्यमंत्री के हालिया बक्सर दौरे को लेकर भी सांसद सुधाकर सिंह ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों को मुख्यमंत्री के आगमन से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बक्सर को कोई नई सौगात नहीं मिली, जिससे आम लोगों में मायूसी है। उन्होंने बिहार सरकार के विकास कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है, जबकि जमीन पर विकास दिखाई नहीं देता। बता दें कि मुसाफिरगंज स्थित मदरसे में आयोजित दस्तारबंदी जलसा में बिहार समेत अन्य राज्यों से भी उलेमा, हाफिज और धर्मगुरु शामिल हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधाकर सिंह पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में भाजपा और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे** : कार्यक्रम में गुलाम रसूल बलियावी, सैयद अतिकुल रहमान, हबीबुल्लाह फैजी, मुबारक हुसैन मुबारक और सैयद मुजीबुर रहमान समेत कई उलेमा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साबित रोहतासवी ने किया, जबकि अध्यक्षता हाफिज अब्दुल हुसैन ने की। मौके पर डॉ. निसार अहमद, हाफिज फुरकान, हाफिज जलाल, हाफिज अहमद रजा सहित मदरसा कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# लूटकांड में शामिल 3 बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** । आरा-बक्सर एनएच 922 पर कारीसाथ छोटी पुल के पास दिनदहाड़े हुई लूटकांड का पुलिस ने महज 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक देसी पिस्टल और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस अब उस बैंक खाते की भी जांच कर रही है, जिसमें पीड़ित से जबरन ऑनलाइन राशि ट्रांसफर कराई गई थी। मामले में दो अन्य लाइनरों की तलाश जारी है। सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव निवासी ऋतिक कुमार, सत्यम सिंह और आकाश उर्फ बिटू यादव शामिल है। इनमें ऋतिक कुमार के पास से एक देसी पिस्टल बरामद की गई है। जब्त मोबाइल की जांच में पीड़ित के खाते से ऑनलाइन राशि ट्रांसफर होने की पुष्टि हुई है।

**जबरन रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे** : पुलिस के अनुसार बिलौटी निवासी काशी नाथ तिवारी के पुत्र चंदन कुमार 23 मई की सुबह करीब 11:45 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में कारीसाथ छोटी पुल के पास शौच के लिए रुके थे। तभी पहले से घात लगाए तीन बदमाशों ने उन्हें पिस्टल के बल पर कब्जे में लेकर पुल के नीचे ले गए। वहां उनके साथ मारपीट की गई। जबरन बैंक खाते से 28 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही गजराजगंज ओपी प्रभारी चंचल महथा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने मानवीय एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सबसे पहले ऋतिक कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसके पास से देसी पिस्टल बरामद हुई।

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी** : पूछताछ और उसकी निशानदेही पर सत्यम सिंह एवं आकाश उर्फ बिटू यादव को भी दबोच लिया गया। छापेमारी टीम में दरोगा धनंजय सिंह, सोनी कुमारी, एएसआई मनीष कुमार तथा पंचानन पासवान शामिल थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है और फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# पुलिस गाड़ी की टक्कर से बुआ-भतीजी घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** । भोजपुर के धुंधुआं गांव में मारपीट मामले में छापेमारी करने गई पुलिस की गाड़ी ने बुआ-भतीजी को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। आरोप है कि छापेमारी के दौरान महिला दरोगा ने एक बुजुर्ग महिला की पिटाई कर दी। घायलों की पहचान मनीषा कुमारी(21) और राजवंति कुमारी(17) के तौर पर हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। परिजन मुना देवी ने बताया कि बेटी अमृता कुमारी की 19 अप्रैल को तिलक और 26 अप्रैल को शादी थी। इसी बीच गांव के विकेश बिंद उनकी बेटी को लेकर भाग गया। जिसके बाद गांव में पंचायती हुई थी। लड़के के दादा राम निवास बिंद ने कहा की लड़की मेरे बहन के घर पर है, वो नहीं आएगी। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। राम निवास बिंद ने लड़की पक्ष के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी केस के संबंध में रविवार की दोपहर पुलिस उनके घर पर छापेमारी करने पहुंची थी। लड़के पक्ष के लोग उनके घर में जबरन घुसकर पुलिस को बक्सा खोलकर दिखाने लगे और लोगों को पकड़वाने लगे। एक महिला दरोगा ने उनकी सास मुनी कुंअर की पिटाई कर दी। विरोध करने पर पुलिस और उनके बीच नोकझोंक हुई थी। भागने के दौरान पुलिस की गाड़ी ने मनीषा कुमारी और राजवंती कुमारी को टक्कर मार दी।

**छापेमारी करने पहुंची थी पुलिस, लोग उलझ गए** : वही, इस संबंध में सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह ने बताया कि पिछले कुछ दिन पहले धुंधुआं गांव का एक लड़का एक लड़की लेकर भाग गया था। दोनों बालिक थे। उन्होंने वापस आकर आरा कोर्ट में शादी कर ली। उसके बाद फिर भाग निकले। इसे लेकर लड़की पक्ष की ओर से लड़के पक्ष के लोगों को बातचीत करने के लिए बुलाया गया था। तभी उनके बीच विवाद हो गया। लड़की पक्ष के 25-26 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस छापेमारी के लिए गई थी। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सभी पुलिस से उलझ गए। सरकारी गाड़ी पर ईट-पत्थर चलाने लगे। इस दौरान लड़की जख्मी हो गई। मामले की छानबीन की जा रही है।

# बगीचे से मिला युवक का शव


लक्की पासवान
मृतक



♦ पूर्व के विवाद में हत्या की आशंका, पिता ने दो दोस्तों पर खिला-पिलाकर मारने का लगाया आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । भोजपुर में बगीचे से एक युवक का शव मिला है। परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। नाक पर खून लगा था। मृतक की पहचान बामपाली वार्ड-7 निवासी लक्की पासवान(28) के तौर पर हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के बरहबतरा मोहल्ले की है। पिता सिकेन्द्र पासवान ने बताया कि रविवार की सुबह मां से मिलने के बाद दो दोस्तों के साथ घर से निकला था। दोनों युवक ने फेस को कवर कर रखा था। जिसके चलते पहचान नहीं हो सकी। घूमने के लिए सिंगही गया था। गांव के कुछ लोगों ने भी उसे अपने दोस्तों के साथ घूमते हुए देखा था। कुछ माह पहले सिंगही के लोगों से उसका झगड़ा हुआ था। मेरे बेटे पर चोरी का आरोप लगाया था। उस समय मुफस्सिल पुलिस उसे थाना लेकर गई थी, लेकिन आरोप स्पष्ट नहीं होने पर उसे छोड़ दिया था। झगड़ा करना वाले लोगों ने जान से मारने की धमकी दी थी। विवाद के बाद वो दूसरे राज्य मजदूरी के लिए चला गया था। वहां से 10 दिन पहले ही लौटा था। एक केस में बेल टूट गया था, इसलिए वापस घर आया था। सोमवार सुबह सूचना मिली कि बेटे का शव मिला है।

**हत्या का लगाया आरोप** : सिकेन्द्र पासवान ने सिंगही गांव निवासी जगदीश और डालडा पासवान पर पूर्व के विवाद में बेटे को खिला-पीलाकर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**घर में मचा कोहराम** : मृतक पांच भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में पत्नी अनीता देवी, एक पुत्र ओमजी है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विश्वामित्र सेना बक्सर को विकसित बनाने की लड़ रही लड़ाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर में विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने जिले के विकास, धार्मिक स्थलों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद दिया, वहीं जिले के जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि बाहरी लोग बक्सर में सांसद और विधायक बनने की होड़ में लगे हैं, जबकि विश्वामित्र सेना बक्सर को विकसित बनाने की लड़ाई लड़ रही है। राजकुमार चौबे ने बताया कि विश्वामित्र सेना लंबे समय से बक्सर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संघर्षरत है। इसी क्रम में वामन भगवान मंदिर को केंद्रीय कारा परिसर से मुक्त कराने की मांग लगातार उठाई जा रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा हाल ही में इस दिशा में की गई पहल से लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।

**बक्सर की सांस्कृतिक पहचान और गौरव से जुड़ा मामला बताया** : चौबे ने जानकारी दी कि विश्वामित्र सेना ने पूर्व में वामन भगवान मंदिर परिसर में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित कर चेतावनी दी थी। संगठन ने कहा था कि यदि मंदिर को केंद्रीय कारा परिसर से मुक्त नहीं कराया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने इस मुद्दे को केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि बक्सर की सांस्कृतिक पहचान और गौरव से जुड़ा मामला बताया।

**''बक्सर अपनी अलग पहचान बना सकता''** : विश्वामित्र सेना ने घोषणा की है कि वह आगे भी बक्सर के धार्मिक स्थलों के उत्थान और पर्यटन विकास के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। संगठन की प्रमुख प्राथमिकताओं में बक्सर में "विश्वामित्र कॉरिडोर" का निर्माण, एयरपोर्ट की स्थापना और पंचकोसी यात्रा स्थली का व्यापक विकास शामिल है। चौबे के अनुसार, इन परियोजनाओं पर गंभीरता से काम होने पर बक्सर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नदी में डूबने से मासूम की मौत से परिवार में छाया मातम

**मसौढ़ी** ! धनरूआ थाना क्षेत्र के सांडा गांव में सोमवार की दोपहर नदी में डूबने से की दर्दनाक मौत हो गई.मृतक कि पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के सांडा गांव निवासी संजीत पासवान के 10वर्षीय पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई. जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर संजीत पासवान के पुत्र शिवम कुमार दरधा नदी के किनारे खेल रहा था, उसी दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह अधिक गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई. उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची धनरूआ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मासूम के असामयिक निधन पर समाजसेवी राजेश बिंद ने गहरी संवेदना व्यक्त की. साथ ही प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है.

### शॉर्ट-सर्किट की वजह से दो बाइक जलकर राख

**पटना**। राजधानी के पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित मखनियाकुआं इलाके में सोमवार सुबह अचानक एक बिजली पोल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और पास में खड़ी दो मोटरसाइकिलें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह बिजली तारों के आपस में टकराने से चिंगारी निकली, जिसके बाद बिजली पोल में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और आसपास के बिजली तार भी इसकी चपेट में आ गए। घटना के समय बिजली पोल के पास स्थित हॉस्टल और आसपास के घरों में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। एहतियात के तौर पर लोगों को तुरंत बाहर निकाला गया। कई लोगों ने अपने घरों से जरूरी सामान हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मुरादपुर मस्जिद के मौलाना अबरार अहमद सुबहानी ने बताया कि उन्होंने बिजली तारों से चिंगारी निकलते देखी थी, जिसके बाद अचानक आग फैल गई। वहीं पीरबहोर थाना प्रभारी ने बताया कि आग की तेज गर्मी से आसपास के एक-दो मकानों को हल्का नुकसान पहुंचा है।

### जमीनी विवाद में 2 पक्षों में मारपीट, पट्टीदारों से हुआ था विवाद

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर प्रखंड की सादुल्लापुर चकधबौली पंचायत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। इस घटना में दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। पुलिस ने लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पंचायत समिति सदस्य अमरजीत कुमार ने इस मारपीट के लिए मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय को जिम्मेदार ठहराया है। अमरजीत कुमार का आरोप है कि यह विवाद उनके पट्टीदारों से हुआ था, लेकिन इसे राजनीतिक द्वेष के चलते मुखिया प्रतिनिधि ने करवाया है। मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनकी बाईपास सर्जरी हुई है और वे पिछले तीन महीने से बेड रेस्ट पर हैं। राय ने यह भी आरोप लगाया कि अमरजीत कुमार आगामी चुनाव में मुखिया पद के लिए दावेदारी करना चाहते हैं, इसलिए वे उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, अमरजीत कुमार के पट्टीदार रामबालक राय ने बताया कि अमरजीत कुमार अक्सर रास्ते को लेकर विवाद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरजीत उनके घर के पास गड्ढे खोदकर पानी भर देते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। रामबालक राय ने यह भी दावा किया कि अमरजीत कुमार ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। उन्होंने अमरजीत पर रामप्रसाद राय के सिर पर फरसे से वार करने का भी आरोप लगाया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। रामप्रसाद राय ने इस बात की पुष्टि की कि विवाद जमीन से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि अमरजीत कुमार बेवजह राजनीतिक द्वेष के कारण मुखिया को बदनाम कर रहे हैं और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

### बड़े भाई की गला रेतकर हत्या, अस्पताल ले जाते ही मौत, मृतक नशे का आदी था, 6 बार जेल जा चुका था

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में एक छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय आशुतोष कुमार के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका छोटा भाई अंकित कुमार है। यह घटना घटारो दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर एक में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक आशुतोष कुमार नशे का आदी था। वह इस संबंध में छह बार जेल भी जा चुका था। आशुतोष मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार और सदर एसडीपीओ 02 गोपाल मंडल अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने गंभीर हालत में आशुतोष को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रेन से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी पकड़ी, हाजीपुर स्टेशन पर कस्टम विभाग ने 6.13 लाख की खेप जब्त

**हाजीपुर**। 24 मई 2026 को हाजीपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और कस्टम विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। प्लेटफॉर्म संख्या-03 पर पहुंची गाड़ी संख्या 20503 से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी जब्त की गई। सूचना के आधार पर, ट्रेन की VP बोगी संख्या SE203486 से इन पैकेजों को उतारा गया। इस दौरान ट्रेन के गार्ड श्री अखिलेश यादव और TPC पार्सल हाजीपुर के श्री धीरज कुमार मौजूद थे। पार्सल कार्यालय हाजीपुर में इन सभी 19 पैकेजों का वजन किया गया, जो कुल 1748 किलोग्राम निकला। कस्टम विभाग ने इसका मूल्य 351 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया, जिससे जब्त सुपारी की कुल अनुमानित कीमत 6,13,548 आंकी गई। कस्टम विभाग हाजीपुर के सुपरिंटेंडेंट श्री बालमुकुंद यादव ने इस बरामदगी के संबंध में सीजर लिस्ट तैयार की। कस्टम अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी जब्त 19 पैकेज विदेशी सुपारी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद कस्टम विभाग हाजीपुर के अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अब 15 मिनट रुकेगी पवन एक्सप्रेस, लीची व्यापारियों को बड़ी राहत

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची के सीजन में पार्सल लोडिंग के दौरान होने वाली अफरातफरी और परेशानियों को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल ने बड़ा फैसला लिया है। रेल मंडल ने गाड़ी संख्या 11062/11061 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पवन एक्सप्रेस के मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ठहराव समय में 10 मिनट की अतिरिक्त अस्थायी बढ़ोतरी कर दी है। अब यह ट्रेन जंक्शन पर कुल 15 मिनट तक रुकेगी। दरअसल, पहले पवन एक्सप्रेस का मुजफ्फरपुर जंक्शन पर सिर्फ 5 मिनट का नियमित ठहराव था। इस कम समय में बड़ी मात्रा में शाही लीची के पार्सल को ट्रेन के पार्सल वैन में लोड करना काफी मुश्किल हो रहा था। कई बार ट्रेन खुल जाने के कारण लीची के कई पैकेज स्टेशन पर ही छूट जाते थे। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पार्सल कर्मियों को भी भारी दबाव का सामना करना पड़ता था। व्यापारियों की लगातार शिकायतों और पार्सल विभाग से मिले फीडबैक के बाद समस्तीपुर रेल मंडल प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा की। इसके बाद रेलवे ने त्वरित निर्णय लेते हुए पवन एक्सप्रेस को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर 10 मिनट का अतिरिक्त अस्थायी ठहराव देने की मंजूरी दे दी। अब कुल 15 मिनट का समय मिलने से लीची पार्सल की लोडिंग व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से हो सकेगी। इस फैसले से लीची कारोबारियों में खुशी का माहौल है। व्यापारी ब्रजकिशोर शाह ने बताया कि पहले ट्रेन केवल 5 मिनट रुकती थी, जिसके कारण अधिक मात्रा में लीची लोड नहीं हो पाती थी। कई बार जल्दबाजी में पैकेज छूट जाते थे। अब समय बढ़ाकर 15 मिनट किए जाने से व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी और अधिक मात्रा में लीची सुरक्षित तरीके से भेजी जा सकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त समय मिलने से ट्रेन खुलने के दौरान प्लेटफॉर्म और पार्सल वैन के पास भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनेगी।

# ट्रैक्टर ने स्कूटी को टक्कर मारी, दो दोस्तों में एक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**दूसरे का चल रहा इलाज, मनेर से लौटते वक्त हादसा**

**पटना**। पटना के बिहटा में रविवार देर रात एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार 2 दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बिहटा-मनेर NH-30 मार्ग पर कोरहर गांव के पास नहर पुल के पास की है। मृतक की पहचान नेउरा थाना क्षेत्र के टिकैतपुर निवासी 28 वर्षीय छोटू कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक 28 वर्षीय प्रमोद राय बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और 112 की टीम को सूचना दी। इलाज के लिए ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने छोटू कुमार को मृत घोषित कर दिया। प्रमोद राय को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

**टक्कर के बाद दोनों दोस्त दूर जा गिरे**: जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना कोरहर पुल के पास उस समय हुई जब स्कूटी सवार युवक वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने मृतक और घायल के परिजनों को सूचना दे दी है। परिवार के अनुसार दोनों दोस्त एक ही गांव के थे और स्कूटी से मनेर से बिहटा की ओर लौट रहे थे तब ही यह हादसा हो गया।

**ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर फरार**: बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि कोरहर पुल के पास 2 युवक सड़क हादसे में घायल हैं। पुलिस की टीम मौके पहुंची। दोनों को पहले अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा घायल था। जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। फिलहाल घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

## पद्मश्री सम्मान मिलने पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताई खुशी

### बिहार की तीन विभूतियों को बताया गौरव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों में शामिल 'पद्मश्री' से बिहार की तीन महान हस्तियों को सम्मानित किए जाने पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपाल त्रिवेदी, लोक नृत्य गुरु विश्वबंधु तथा भोजपुरी लोक संगीत के दिग्गज भरत सिंह भारती को मिले इस सम्मान को पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण बताया। विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मानित विभूतियों, उनके परिजनों तथा प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कला, संस्कृति और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में इन तीनों महान हस्तियों का योगदान अतुलनीय रहा है और देश स्तर पर मिला यह सम्मान उनकी वर्षों की साधना, तपस्या तथा बिहार की मिट्टी के प्रति समर्पण का प्रमाण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोक नृत्य गुरु विश्वबंधु और कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपाल त्रिवेदी को मरणोपरांत दिया गया यह सम्मान उनके असाधारण योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी पहचान है। उन्होंने कहा कि विश्वबंधु ने लोक नृत्य और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दिलाने का कार्य किया, जबकि डॉ. गोपाल त्रिवेदी ने कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर किसानों और कृषि विकास के लिए नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि भोजपुरी लोक संगीत के क्षेत्र में भरत सिंह भारती का योगदान भी अविस्मरणीय है। उनके गीतों और संगीत ने भोजपुरी संस्कृति को देश-विदेश में पहचान दिलाने का कार्य किया है। यह सम्मान नई पीढ़ी को अपनी लोक कला, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा देगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय बिहार के लिए गौरवपूर्ण और भावुक करने वाला क्षण है। उन्होंने केंद्र सरकार और महामहिम राष्ट्रपति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान समाज में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन महान विभूतियों को मिला राष्ट्रीय सम्मान आने वाली पीढ़ियों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और बिहार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करेगा।

## मैथिली को सीबीएसई पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना ऐतिहासिक उपलब्धि : डॉ. प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। डॉ. प्रेम कुमार ने मैथिली भाषा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने पर देश-दुनिया के समस्त मैथिली भाषियों, शिक्षाविदों और मातृभाषा प्रेमियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे बिहार, खासकर मिथिलांचल के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैथिली केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मिथिला की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोकजीवन की आत्मा है। वर्षों से मैथिली भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर उचित पहचान दिलाने की मांग उठती रही है। अब CBSE पाठ्यक्रम में इसे स्थान मिलने से न केवल भाषा को नई पहचान मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मैथिली भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे देशभर के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों to मैथिली भाषा सीखने और समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही मिथिलांचल की साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती प्राप्त होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने इस निर्णय के लिए केंद्र सरकार, शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई का आभार जताते हुए कहा कि मातृभाषाओं को बढ़ावा देना भारतीय संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि मैथिली भाषा को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल किए जाने से क्षेत्रीय भाषाओं के सम्मान और विकास को नई गति मिलेगी।

# झुलसे बच्चों की देखभाल के लिए पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी, दो शिफ्ट में की गई तैनाती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना सिटी में शख्स ने अपने परिवार को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। जिसमें आरोपी समेत 3 की मौत हुई थी। वहीं आरोपी के पत्नी प्रिया उर्फ मोनी, दो बेटे सूरज (3) और आयुष (10) की स्थिति अभी नाजुक है। मासूम बच्चों का जिम्मा पटना पुलिस ने उठाई है। पुलिस ने अपने खर्च पर NMCH से अपोलो बर्न हॉस्पिटल में परिजनों की सहमति से शिफ्ट कराया गया है। 5 दिन से दोनों मासूम अपोलो बर्न हॉस्पिटल में एडमिट हैं। ड्यूटी में तैनात चौक थाना की महिला होमगार्ड कोमल ने बताया कि 2 शिफ्ट में यहां ड्यूटी लगाई गई है। रात और दिन दोनों दोनों शिफ्ट में एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। देखभाल का जिम्मा सौंपा गया है।


**इलाज के लिए 2.5 लाख रुपए का कंट्रिब्यूशन**: चौक थानेदार राजकिशोर सिंह और राजेश चौधरी की पहले पर पुलिसकर्मियों ने सैलरी से कंट्रिब्यूशन किया है। लगभग 2.5 लाख रुपए इलाज में दे चुके हैं और अभी भी पुलिसकर्मियों की ओर से कंट्रिब्यूशन जारी है। यहां तक कि परिवार की तरह पुलिसकर्मी दीदी-भैया और अंकल बनकर केयर टेकर की भूमिका में हैं। समय से दवा, खाना और शौच वगैरह कराने की जिम्मा महिला पुलिसकर्मी दीदी संभाल रही हैं। बच्चे भी पुलिसकर्मियों के साथ घुल मिल गए हैं। अपनी मां से ज्यादा किसी भी जरूरत के लिए या परेशानी में पुलिस दीदी को याद कर रहे हैं।

**20 को हुई थी घटना**: दरअसल, पटना सिटी में 20 मई को को पहले पति ने पत्नी, बच्चों के साथ-साथ सास, ससुर को आग लगा दी थी। इस घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में मुख्य आरोपी कन्हैया कुमार, गोविंद अग्रवाल के पिता पुरुषोत्तम प्रसाद और उनकी मां नीलम देवी शामिल हैं। तीनों घायलों की मौत इलाज के दौरान हुई थी। घटना पत्नी से विवाद के चलते हुई थी। गोविंद अग्रवाल ने चौक थाने में कन्हैया कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। घटना में घायल हुए गोविंद के दो बच्चे और उसकी पत्नी मोनी उर्फ प्रिया की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना राजा बाबू खाटू श्याम गली में हुई थी।

**कन्हैया कुमार को छोड़कर गोविंद से शादी की थीः** पुलिस के अनुसार, मोनी ने 15 दिन पहले कन्हैया कुमार को छोड़कर गोविंद से शादी की थी। बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार इसे लेकर नाराज था। बुधवार देर रात कन्हैया कुमार का अपनी पत्नी को लेकर गोविंद अग्रवाल के परिवार से विवाद हुआ था। आरोप है कि महिला का पहला पति और आरोपी कन्हैया कुमार अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। घर में घुसते ही उसने सभी के ऊपर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

# दवा माफिया रवि-गिरीश की तलाशी में छापेमारी, बाहर से आती थी खेप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से मिले थे 95 लाख के नशीले इंजेक्शन-कफ सिरप**

**पटना**। पटना पूर्वी इलाके में पुलिस सुखे नशे और इस धंधे से जुड़े माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को रामकृष्णा नगर इलाके के न्यू श्री राम ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया था। जिसकी कीमत बाजार में 95 लाख रुपए आंकी गई थी। इस मामले में रामकृष्णा नगर के ऋषि और सुपौल के अब्दुल्ला को पुलिस ने पकड़ा था। इनके पास और निशानदेही से 33500 एम्पुल नशीले इंजेक्शन और 4000 पीस प्रतिबंधित कप सिरप बरामद किए गए थे। इन दोनों ने पुलिस की पूछताछ में कदमकुआं के रवि और ट्रांसपोर्ट गोदाम के ऑनर गिरीश का नाम बताया था। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार रेड कर रही है। आज भी पुलिस की ओर से उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

**रामकृष्णा नगर के गोदाम में स्टॉक होती थी खेपः** ऋषि और अब्दुल्ला ने पुलिस को बताया है कि दूसरे राज्यों से नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप की खेप मंगा कर रामकृष्णा नगर के गोदाम में बल्क में स्टॉक किए जाते थे। यहां से कार्टन में रखकर सीमांचल के सुपौल अररिया पूर्णिया समेत बॉर्डर इलाके में बस और निजी गाड़ियों के जरिए भेजे जाते थे। इसके अलावा राम कृष्ण नगर, चित्रगुप्त नगर, पत्रकार नगर, गोपालपुर, गौरीचक बहादुरपुर इलाके में अब्दुल्ला और उसके साथी कार्टून में रखकर ई-रिक्शा ऑटो से सप्लाई करते थे।

**स्पेशल टीम बनाई गई हैः** पूर्वी इलाके में एसपी परिचय कुमार की ओर से एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जो सिर्फ सुख नशे के खिलाफ कार्रवाई में शामिल है। इसमें सभी यंग SHO को रखा गया है। पत्रकार नगर SHO सोनू कुमार, चित्रगुप्त नागर SHO शंकर झा, बहादुरपुर SHO शुभम झा, समेत अन्य पदाधिकारी है।

# अब मशीन से होगी मैनहोल की सफाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे, 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी**

**पटना**। पटना में अब मैनहोल की सफाई स्कैवेंजर से करवाई जाएगी। इसके लिए 6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे। हर अंचल में एक मैनहोल स्कैवेंजर रहेगा जो मैनहोल की सफाई मशीन से करेगा। सफाई कर्मचारियों को अब ज़हरीले सीवर के गड्ढों में उतरना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा 20 कंकरीट ब्रेकर भी मंगाए जाएंगे। GeM पोर्टल से इन मशीनों की खरीदारी होगी। ये गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) भारत सरकार का एक आधिकारिक ऑनलाइन ई-कॉमर्स पोर्टल है।

**मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में लगे होंगे कैमरे और सेंसरः** मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में कैमरे और सेंसर लगे होते हैं जो मैनहोल के अंदर की स्थिति और हानिकारक गैसों का सटीक पता लगाते हैं। इसमें लगे रोबोटिक हाथ बिल्कुल इंसानी हाथों की तरह काम करते हैं और ठोस कचरे को आसानी से बाहर निकाल सकते हैं। सीवर सफाई को आधुनिक बनाने की पहल के तहत, केरल भारत का पहला राज्य बना था जिसने मैनहोल की सफाई के लिए रोबोटिक तकनीक को अपनाया। अब छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, और कर्नाटक के कई नगर निगमों में भी इन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

**20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारीः** वहीं, मानसून से पहले पटना नगर निगम तैयारी में लगा हुआ है। 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी है। इसमें से 5 पाटलिपुत्र अंचल, 5 नूतन राजधानी, 3 कंकड़बाग, 3 बांकीपुर, 2 अजीमाबाद और 2 पटना सिटी अंचल में रहेंगे। बीते दिनों हुई बारिश में पटना के कई इलाकों में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए थे। आमतौर पर पेड़ से संबंधित कोई भी काम वन विभाग करती है। मगर लोगों को परेशानी ना हो इसलिए नगर निगम की टीम भी जेसीबी के साथ इसे हटाने में लगी हुई थी। अगर ऐसी स्थिति फिर से आती है तो पटना नगर निगम दूसरे पर निर्भर न कर अपने मशीन के माध्यम से जल्दी काम सुनिश्चित करेगा।

# एनटीपीसी काँटी में बालिका सशक्तीकरण अभियान-2026 का शुभारंभ, 50 बालिकाओं को मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**काँटीः** NTPC काँटी में सोमवार को नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत "बालिका सशक्तीकरण अभियान–2026" का शुभारंभ किया गया। "सशक्त बालिका, सशक्त काँटी" थीम पर आयोजित इस विशेष आवासीय अभियान का उद्घाटन परियोजना प्रमुख संजीब कुमार सुआर ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह विशेष अभियान 26 मई से 20 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें काँटी प्रखंड के विभिन्न गांवों से चयनित 50 बालिकाएं भाग ले रही हैं। ये छात्राएं क्षेत्र के नौ विद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के माध्यम से सशक्त बनाना है। चार सप्ताह तक चलने वाले इस निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी और विज्ञान जैसे विषयों की विशेष शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही प्रतिभागियों के लिए पौष्टिक भोजन, सुरक्षित आवास तथा आवश्यक अध्ययन सामग्री की भी व्यवस्था की गई है।

बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में योग, नृत्य, संगीत, चित्रकला, खेलकूद और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर डिजिटल शिक्षा और आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख संजीब कुमार सुआर ने कहा कि एनटीपीसी काँटी हमेशा क्षेत्र के विकास और सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि बालिका सशक्तीकरण अभियान संस्था की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से बालिकाओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन में आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले चार सप्ताह तक इन 50 बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और समग्र विकास की पूरी जिम्मेदारी एनटीपीसी काँटी निभाएगी। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अभिभावकों, शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का भी आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेशकुमार सुथार ने कहा कि यह अभियान केवल बालिकाओं के जीवन में ही नहीं, बल्कि उनके परिवार और पूरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि 28 दिनों के प्रशिक्षण के बाद ये बच्चियां अधिक आत्मविश्वासी, जागरूक और सशक्त बनकर निकलेंगी। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजीत कुमार सहित एनटीपीसी काँटी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए संजीत कुमार ने सभी बालिकाओं, ग्रामीणों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# अधिकारियों को दिल-दिमाग दोनों से काम करने की जरूरत : दीपिका पांडेय

एजेंसी। रांची




ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी दफ्तरों में आने वाले जरूरतमंद लोगों की पीड़ा को समझना जरूरी है। अधिकारी न सिर्फ अपने दिमाग से बल्कि दिल से भी काम करने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करें कि मदद की उम्मीद लेकर आने वाला व्यक्ति खाली हाथ वापस न लौटे। मंत्री सोमवार को रांची के सर्ड सभागार में आयोजित आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल के राज्यस्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय ही सरकार का चेहरा है। ऐसे में अधिकारियों को लोगों के लिए सहज रूप से उपलब्ध रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में अधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मंत्री ने कहा कि मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना और सर्वजन पेंशन योजना जैसी योजनाओं का लाभ लोगों तक अधिकारियों के प्रयास से ही पहुंच रहा है। उन्होंने मिशन कर्मयोगी को कार्य क्षमता बढ़ाने और प्रशासनिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में अहम पहल बताया। उन्होंने अधिकारियों से समय के साथ खुद को अपडेट करने और नवाचार तथा तकनीक का उपयोग बढ़ाने की अपील की। दीपिका पांडेय ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन और प्रमुख चौक-चौराहों पर आम लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। कार्यशाला में सर्ड के निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि मिशन कर्मयोगी अधिकारियों के लिए काम को आसान और प्रभावी बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में अधिकारी पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलाजुड़ी के पास रविवार रात हुए सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिरंतु गिरी (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार बिरंतु गिरी रोजी-रोटी की तलाश में जमशेदपुर में मजदूरी का काम करते थे। रविवार को काम खत्म करने के बाद वह बस से अपने गांव बिलाजुड़ी लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बस से उतरने के बाद वह सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल बिरंतु गिरी को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू किया।

# एसी कॉपर वायर चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी। रांची

रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित सर्वदा ज्वेलर्स में एसी में लगे तांबे के तार की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और चोरी किए गए आठ किलो एसी कॉपर वायर बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में कर्बला चौक निवासी मोहम्मद आसिफ उर्फ नेपाली और महेश लोहरा शामिल हैं। पुलिस ने चोरी के तार लक्ष्मी लकड़ा की कबाड़ी दुकान से बरामद किए। वहीं, कबाड़ी दुकान संचालक महेश लोहरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) केवी रमण ने सोमवार को बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस को चोरी किए गए तांबे के तारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके आधार पर छापेमारी कर चोरी का सामान बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि कांके चौक निवासी सौरभ अग्रवाल और संजय अग्रवाल ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ लोअर बाजार थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बैन हथुसैन स्टोर, सुजाता चौक मेन रोड स्थित दुकान से तांबे के वायर चोरी होने की जानकारी दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात में उनकी संलिप्तता सामने आई। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद आसिफ उर्फ नेपाली के खिलाफ पहले से भी दो अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# झारखंड के 11 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट



एजेंसी। रांची

झारखंड के 11 जिलों में 26 और 27 मई को बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज आंधी चलने की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने सोमवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की आशंका जताई है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। इधर, राज्यभर में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान कोडरमा में 20.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दिनभर उमस और तेज धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। प्रचंड गर्मी के चलते दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही देखी गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और न्यूनतम 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इसके अलावा बोकारो में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# रांची के सुखदेवनगर में बंद घर का ताला तोड़कर चोरी, नकदी-जेवर समेत लाखों का सामान गायब



एजेंसी। रांची

राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में एक बंद पड़े घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवर और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना सोमवार को उस समय प्रकाश में आई जब घर मालिक वापस लौटे। पीड़ित मनोज कुमार गुप्ता चतरा सिविल कोर्ट में कार्यरत हैं। उन्होंने सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि घटना के समय वे चतरा में थे, जबकि उनकी पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके गई हुई थीं। इसी दौरान चोरों ने उनके बंद घर को निशाना बनाया। घर लौटने पर उन्हें मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर का पूरा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने गोदरेज, अटैची, पूजा की अलमारी और दीवान का लॉकर तोड़कर सामान खंगाल लिया। पीड़ित के अनुसार, घर से करीब 16 से 18 हजार रुपये नकद, सोने का कान का सेट, चांदी का गले का सेट, तीन जोड़ी बिछिया, महंगी साड़ियां, अन्य कपड़े तथा एक इंडक्शन चूल्हा चोरी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सुखदेवनगर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके।

# रांची में होमगार्ड जवान से स्कूटी की लूट, ड्यूटी से लौटते समय अपराधियों ने वारदात को दिया अंजाम

एजेंसी। रांची



राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए ड्यूटी से लौट रहे एक होमगार्ड जवान से चाकू की नोंक पर स्कूटी लूट ली। घटना रेलवे कॉलोनी टीओपी के पास हुई, जिसके बाद इलाके में भय और दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित होमगार्ड जवान गणेश राम सुबह अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात अपराधियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। अपराधियों ने चाकू दिखाकर उन्हें डराया-धमकाया और उनकी स्कूटी छीनकर मौके से फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने जवान की वर्दी और टोपी रास्ते में ही फेंक दी। इसके बाद वे मौके से भाग निकले। घटना से स्तब्ध जवान ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चुटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# बाहरी लोगों पर माहौल बिगाड़ने का आरोप, ग्रामीणों ने डीसी और एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के पोटका अंचल अंतर्गत रोहिणीबेड़ा मौजा के ग्रामीणों ने गांव में बाहरी लोगों की ओर से जातीय तनाव फैलाने और अवैध कब्जे के जरिए माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। सोमवार को ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन की प्रतिलिपि वरीय पुलिस अधीक्षक को भी दी गई है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में कहा है कि रोहिणीबेड़ा मौजा प्राचीन काल से सोहदा गाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसे कपाड़ा गाड़ी घाट के नाम से भी जाना जाता है। यहां स्थित मां रंकिनी धाम गांव की धार्मिक आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रमुख केंद्र है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ बाहरी लोग जातिवाद का सहारा लेकर गांव में विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ लोग वन और रैयती भूमि पर अवैध कब्जा कर रह रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग मूल निवासी नहीं होने के बावजूद गलत तरीके से वन पट्टा लेकर यहां निवास कर रहे हैं।


## Office of the Nagar Panchayat Hariharganj

### Short E-Procurement Notice
### NIT No:- NPH-NIT-02/2026-27

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Hariharganj town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,46,28,185.20<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,05,44,700.71<br>Total: ₹ 3,51,72,885.91 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,52,000/- (Rupees Three Lakhs fifty Thousand Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 27-05-2026 |
| 7 | Document downloading start Date | 02-06-2026 |
| 8 | Bid submission end date | 17-06-2026 |
| 9 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 17-06-2026 |
| 10 | Bid opening date (online | 19-06-2026 |
| 11 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 12 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Hariharganj |
| 13 | Helpline Number | 8574103378 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 380658 (District)26-27*D



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)
## Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
## Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना सं0 NPB-10/2026–27**

नगर परिशद्, बिश्रामपुर में आवश्यक कार्य हेतु क्षेत्र भ्रमण एवं दैनिक कार्यो के सफल निश्पादन हेतु किराये पर एक चार पहिया वाहन (बिना चालक) (Mahindra Scorpio / Mahindra Bolero with AC or Cars of same segment) की आवश्यकता है। नगर परिशद्, बिश्रामपुर द्वारा वाहन को भाडे पर लेने में प्रथम स्थान पर Mahindra Scarpio, द्वितिय स्थान पर Mahindra Bolero अन्य चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता वाहन के आवश्यक कागजातों (वाहन निबंधन प्रमाण–पत्र, इंश्योरेंस, रोड टैक्स एवं प्रदुशण प्रमाण–पत्र) सहित दर के साथ बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दिनांक 01.06.2026 को अपराह्ण 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरान्त न्यूनतम दर दाता को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन होने के उपरांत वाहन मालिक के साथ एक वर्श हेतु एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान होने वाली सभी तरह की खराबी, सर्विसिंग की तत्काल जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। कोटेशन दिनांक 01.06.2026 अपराह्ण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर परिशद्, बिश्रामपुर में खोली जाएगी। इस संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कार्यालय के Website https://udhd.jharkhand .gov.in/ULB/Bishrampur/TendersNew.aspx पर देखी जा सकती है।

किसी भी समय इस कार्य को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | दर सभी कर सहित (प्रतिदिन) | दर सभी कर सहित (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |

अतः उपरोक्त कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 380650 (District)26-27*D



## झारखण्ड सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग
## कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

### E- Tender Notice

Short Tender Notice No – UDD/HNP/03/2026-27, Dated- 23.05.2026

The Under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procuremet from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/HNP/03/01/2026- 27 | Construction of PCC Road from Devi Asthan to Braham Asthan ward no 03 Purnadih | 460600.00 | 460600.00 | 9212.00 | 1000.00 | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 2 | UDD/HNP/03/02/2026- 27 | Construction of RCC Drain from House of Akhilesh Yadav to REO Road ward no 03 | 991600.00 | 991600.00 | 19832.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 3 | UDD/HNP/03/03/2026- 27 | Construction of PCC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD NO :-01 Ansari Bigaha FROM :- SAKIR HUSAIN HOME TO:-MAIN ROAD | 289500.00 | 289500.00 | 5790.00 | 1000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 4 | UDD/HNP/03/04/2026- 27 | Construction of RCC Culvert at ward no 03 Dema on REO Road | 194300.00 | 194300.00 | 3886.00 | 1000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 5 | UDD/HNP/03/05/2026- 27 | Purnadih Shamshan Shed Construction on Batane River at ward no 03 | 285000.00 | 285000.00 | 5700.00 | 1000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 6 | UDD/HNP/03/06/2026- 27 | Construction of PCC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD NO :-04 FROM :- Lallu Prasad Home TO:-Tirupati Cement | 996700.00 | 996700.00 | 19934.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 7 | UDD/HNP/03/07/2026- 27 | Construction of PCC Road from House of Manoj Saw to Dhobighat Ahar ward no 15 | 997600.00 | 997600.00 | 19952.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 8 | UDD/HNP/03/08/2026- 27 | Construction of RCC Drain from House of Bhusan Ram to Gumti of Prem Ram via Jalminar at ward no 15 | 822200.00 | 822200.00 | 16444.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 9 | UDD/HNP/03/09/2026- 27 | Construction of PCC Road from Ararua More to Jaggu Chauck at ward no 09 | 998500.00 | 998500.00 | 19970.00 | 5000.00 | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 10 | UDD/HNP/03/10/2026- 27 | Construction of Paver Block on Both Side of Road from Ararua More to Jagu Chauck at ward no 09 | 991782.00 | 991782.00 | 19836.00 | 5000.00 | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 11 | UDD/HNP/03/11/2026- 27 | Construction of PCC Road from Satgawan Middle School to Simari Nahar at ward no 05 | 746200.00 | 746200.00 | 14924.00 | 5000.00 | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 12 | UDD/HNP/03/12/2026- 27 | Construction of PCC Road and RCC Drain from Samatwa tandi Murari Singh to House of Ramji Paswan via House of Dhaneshwar Paswan at ward no 11 Araruakala | 990600.00 | 990600.00 | 19812.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 13 | UDD/HNP/03/13/2026- 27 | Construction of PCC Road from House of Mantu Chaudhari to Vinod Vishwakrma at ward no 02 | 996100.00 | 996100.00 | 19922.00 | 5000.00 | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 14 | UDD/HNP/03/14/2026- 27 | Construction of PCC Road from Dema Panchayat Bhawan to House of Rajnandan yadav at ward no 03 | 848200.00 | 848200.00 | 16964.00 | 5000.00 | 02 माह | शहरी परिवहन मद |
| 15 | UDD/HNP/03/15/2026- 27 | Construction of PCC Road and RCC Drain from house of Ramanand Paswan to Katahi Pipal Tree via Rampravesh Singh Field at ward no 11 Araruakala | 760500.00 | 760500.00 | 15210.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 16 | UDD/HNP/03/16/2026- 27 | Construction of PCC Road & RCC Drain from PCC Road to House of Udit Ansari via Pramod Ravi ward no 05 | 990600.00 | 990600.00 | 19812.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 17 | UDD/HNP/03/17/2026- 27 | Construction of RCC Drain from House of Kameshwar Baitha to Laxman Prajapati at ward no 14 Bhagat tendua | 737700.00 | 737700.00 | 14754.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 18 | UDD/HNP/03/18/2026- 27 | Construction of PCC Road and RCC Drain from House of Jagdish Mehta to Shyamlal Mehta at ward no 09 Araruakhurd | 997200.00 | 997200.00 | 19944.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 19 | UDD/HNP/03/19/2026- 27 | Construction of PCC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD NO :-01 Ansari Bigaha FROM :- SAKEEL HOME TO:-MO ILTAB HUSAIN | 357000.00 | 357000.00 | 7140.00 | 1000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 20 | UDD/HNP/03/20/2026- 27 | Construction of PCC Road and RCC Drain at ward no 05 Satgawan From- Bhuneshwar Ram Home to Raju Paswan Home | 782900.00 | 782900.00 | 15658.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 21 | UDD/HNP/03/21/2026- 27 | Construction of RCC Slab of Different size for Replacing of Damaged Slab in Nagar Panchayat Hariharganj, At Block Campus Hariharganj. | 643700.00 | 643700.00 | 12874.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 22 | UDD/HNP/03/22/2026- 27 | Construction of RCC Drain Culvert at Various Place in Different- Different ward in Nagar Panchayat Hariharganj. | 846900.00 | 846900.00 | 16938.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |
| 23 | UDD/HNP/03/23/2026- 27 | Construction of Railing in Bank of Pond (West and South Side) at ward o 05 Hariharganj | 469000.00 | 469000.00 | 9380.00 | 1000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद |

Note : Updated estimated cost should be consdered for earnet Money.

2. Period of availability of tenders online date & time bidding on-line last date of seeking clarification of opening of tender papers are as give below:

| Sl.No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date&time of opening bid |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1 | Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Officer of Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Date- 29.05.2026 Time 10:00 A.M | Date- 12.06.2026 Time 05:00 P.M | Date- 13.06.2026 Time 11:00 A.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु रहेगा।
6. Helpline Number of E- Procurement cell- 6206017735, 9835305521, 8574103378
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department. Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)
Note : . विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्ते को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 380659 (District) 26-27 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे की स्कूल प्रिंसिपल ने नीट परीक्षा के फिजिक्स प्रश्न पैसों के लिए बांटे

**पुणे, एजेंसी।** सीबीआइ ने अदालत को बताया कि नीट-यूजी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार



पुणे के एक स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा संजय हवलदार ने पैसों के लिए कुछ छात्रों के साथ परीक्षा से संबंधित फिजिक्स के प्रश्न और सामग्री साझा की। जांच एजेंसी ने शुक्रवार को हवलदार को गिरफ्तार किया था और उसे पेपर लीक मामले का एक और स्रोत बताया। पुणे के सेठ हीरालाल सर्राफ प्रशाला (स्कूल) की प्रिंसिपल हवलदार नीट यूजी-2026 के लिए फिजिक्स प्रश्नपत्र के उस पैनल की सदस्य थी जिसने पेपर का मराठी में अनुवाद किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे पुणे की अदालत में पेश किया गया और वर्तमान में वह ट्रांजिट रिमांड पर है। उसे सोमवार को दिल्ली की अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। सीबीआइ ने पुणे की अदालत को बताया कि उसकी जांच में यह सामने आया है कि हवलदार ने बाटनी की शिक्षिका मनीषा मंढारे के साथ मिलकर कुछ छात्रों को पैसे के बदले नीट से संबंधित प्रश्न साझा किए। सूत्रों के अनुसार, हवलदार ने प्रश्नपत्र से संबंधित हाथ से लिखे नोट्स तैयार किए थे और इन्हें छात्रों को भेजा। आरोप है कि हवलदार ने एक छात्र से 20,000 रुपये और दूसरे से 25,000 रुपये लिए।

### रेलवे में बड़ा बदलाव: 1 जून से नए 'दक्षिण तटीय ज़ोन' में शुरू होगा कामकाज

**हैदराबाद, एजेंसी।** दक्षिण मध्य रेलवे ज़ोन में 1 जून से बड़े प्रशासनिक बदलाव लागू होने जा रहे हैं. सिकंदराबाद के 'रेल निलयम' मुख्यालय वाले मौजूदा छह डिवीजनों का कामकाज केवल 31 मई तक ही इसी रूप में जारी रहेगा. इसके बाद, दक्षिण मध्य रेलवे ज़ोन में डिवीजनों की संख्या घटकर केवल तीन (सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़) रह जाएगी. हालांकि इस कदम से कुल प्रशासनिक बोझ थोड़ा कम होने



की उम्मीद है, लेकिन सिकंदराबाद डिवीजन का परिचालन क्षेत्र काफी बढ़ जाएगा. नए बदलावों के बाद इस ज़ोन का कुल दायरा मौजूदा 6,637 ट्रैक किलोमीटर से घटकर 3,589 ट्रैक किलोमीटर तक सीमित हो जाएगा. विशाखापट्टनम मुख्यालय वाले नए 'दक्षिण तटीय रेलवे ज़ोन' के शुरू होने के साथ ही, विजयवाड़ा, गुंटूर और गुंतकल डिवीजनों को इस नए रेलवे ज़ोन के अधिकार क्षेत्र में ट्रांसफर (स्थानांतरित) कर दिया जाएगा. विशेष रूप से, पगिदिपल्ली–विष्णुपुरम–जानपहाड़ सेक्शन (जो वर्तमान में गुंटूर डिवीजन में है) और रायचूर–वाड़ी सेक्शन (जो वर्तमान में गुंतकल डिवीजन में है) को सिकंदराबाद डिवीजन में मिला दिया जाएगा. रेलवे सूत्रों ने संकेत दिया है कि रेलवे बोर्ड दक्षिण मध्य रेलवे ज़ोन के पुनर्गठन और नए दक्षिण तटीय ज़ोन की स्थापना की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है. इस पहल के हिस्से के रूप में, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने हाल ही में दोनों ज़ोन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की, ताकि 1 जून से स्वतंत्र कामकाज शुरू करने की उनकी तैयारियों की समीक्षा की जा सके. इस बदलाव से सिकंदराबाद डिवीजन का अधिकार क्षेत्र 204 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

# उत्तरकाशी में नेपाली मूल के पोर्टर्स से मांगा गया पासपोर्ट और वीजा, चिंता में पड़ा ट्रेकिंग संगठन



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** कालिंदी पास ट्रेक पर नेपाली मूल के पोटर्स से पासपोर्ट और वीजा अनिवार्य किए जाने के प्रशासनिक फैसले से उत्तरकाशी का साहसिक पर्यटन संकट में पड़ गया है। ट्रेकिंग कारोबार से जुड़े संगठनों का कहना है कि इस अव्यावहारिक नियम के कारण दर्जनों ट्रेकिंग अभियान रद्द होने की स्थिति में पहुंच गए हैं, जिससे पूरे पर्यटन व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ रहा है।

गढ़वाल हिमालय ट्रेकिंग एवं माउंटेनियरिंग संगठन ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी भटवाड़ी को पत्र भेजकर नियमों में तत्काल शिथिलता देने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो सीमांत क्षेत्र का साहसिक पर्यटन पूरी तरह ठप हो सकता है। गढ़वाल हिमालय ट्रेकिंग एवं माउंटेनियरिंग संगठन के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणा ने कहा कि करीब 5,950 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कालिंदी पास जैसे दुर्गम ट्रेक पर भारी उपकरण और रसद सामग्री ढोने के लिए नेपाली श्रमिकों का कोई व्यावहारिक विकल्प मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि इनके बिना ट्रेकिंग अभियान संचालित करना पर्यटकों की सुरक्षा के साथ समझौता करना होगा. उन्होंने सवाल उठाया कि सीमा क्षेत्रों में कार्यरत बीआरओ, सेना, आइटीबीपी और बीएसएफ जैसी एजेंसियां नेपाली श्रमिकों से पहचान पत्र और पुलिस सत्यापन के आधार पर काम लेती हैं, जबकि पर्यटन गतिविधियों में अचानक पासपोर्ट-वीजा अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर पर्याप्त संख्या में ऐसे पोटर्स उपलब्ध नहीं हैं, जो इस कठिन कार्य को करने के इच्छुक हों. ज्यादातर स्थानीय युवा अन्य रोजगारों की ओर रुख कर रहे हैं और मजदूरी आधारित कार्यों में रुचि नहीं दिखा रहे हैं. संगठन ने अपने पत्र में भारत-नेपाल के बीच साल 1950 की शांति एवं मित्रता संधि का भी उल्लेख किया है. इस संधि के तहत दोनों देशों के नागरिकों को बिना पासपोर्ट और वीजा के आवागमन, निवास और आजीविका का अधिकार प्राप्त है. संगठन का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था इस संधि की भावना के विपरीत है.

### चंद्रपुर में चार महिलाओं की जान लेने वाली बाघिन को वन विभाग ने पकड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में चार महिलाओं को मार डालने वाली बाघिन को वन विभाग के कर्मियों ने अभियान चलाकर पकड़ लिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर गुंजेवाही गांव के पास जंगल में 22 मई को बाघिन के हमले में चार महिलाओं की मौत हो गई थी। आधिकारिक आदेश के बाद शनिवार शाम पवनपार बीट के कंपार्टमेंट में टाइग्रेस टी-2 को बेहोश कर काबू में किया गया। अधिकारी ने बताया, विशेष बचाव दल द्वारा इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाने के बाद बाघ को बेहोश किया गया। जांच में पुष्टि हुई कि बाघिन टी-2 ही चार महिलाओं की मौत के लिए जिम्मेदार थी। रात आठ बजे तक बाघिन को पूरी तरह से काबू में कर लिया गया था। आसपास कोई शावक नहीं मिला। इस अभियान के तहत वन विभाग ने विशेष बाघ संरक्षण बल (एसटीपीएफ) की टीमें, ट्रेकिंग दस्ते, कैमरा ट्रैप और एक विशेष निगरानी प्रणाली तैनात की थी। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अलग निगरानी अभियान चलाया जाएगा।

# दिल्ली और यूपी में हीटवेव तो केरल-तमिलनाडु में आंधी-बारिश का अलर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** देश के ज्यादातर हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी और लू से बेहाल हैं। कई राज्यों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व



बिहार समेत कई राज्यों में गर्मी से हाल बेहाल है। उत्तर और दक्षिण भारत के कई राज्यों में जारी हीटवेव के बीच मानसून को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मौसम विभाग ने केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और पूर्वोत्तर भारत में मानसून पूर्व की गतिविधियों के कारण अगले 4-5 दिनों तक मूसलाधार बारिश, बिजली कड़कने और 70 किमी/घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। देश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि और धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है। केरल और लक्षद्वीप, तमिलनाडु, उत्तर-पूर्वी और उससे सटे पूर्वी भारत में अगले 4-5 दिनों तक कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 7 दिनों तक और पूर्वी और तटीय प्रायद्वीपीय भारत में अगले 3-5 दिनों तक उष्ण लहर से भीषण उष्ण लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। अगले 7 दिनों के दौरान मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है

**भारी बारिश की आशंका:** अगले 4-5 दिनों तक केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, उत्तर- पूर्वी और दक्षिणी पूर्वी भारत में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की आशंका है।

**पूर्वोत्तर भारत:** आज यानी, 25 मई को असम और मेघालय तथा 24 मई को नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे तक की गति) के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 25 और 26 तारीख के दौरान अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

25 से 28 मई के दौरान केरल, माहे और लक्षद्वीप में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इस समय 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।

तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और यनम में 25 से 27 मई के दौरान तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**पूर्वी भारत:** 27-29 मई के दौरान गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल में, 26-28 मई के दौरान बिहार में, और 25 मई को झारखंड और ओडिशा में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

**उत्तर-पश्चिमी भारत:** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 28-30 मई के दौरान और 25, 29 और 30 मई को उत्तराखंड में कुछ जगहों से लेकर कई जगहों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान 40-50 किमी की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

**मध्य भारत:** 26-28 मई के दौरान विदर्भ में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## गाजियाबाद मेयर ने हरनंदी नदी में मांस डालते दो किशोरों को पकड़ा, एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ

**साहिबाबाद, एजेंसी।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में मांस हरनंदी में फेंकने का मामला सामने आया है। रविवार को हरनंदी किनारे कूड़ा देखने गई महापौर सुनीता दयाल ने दो किशोरों को मांस के साथ पकड़ लिया। किशोरों ने मदरसा संचालक पर मांस को हरनंदी में फिकवाने का आरोप लगाया है। मेयर ने इंदिरापुरम थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर जांच की बात कही। पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर मामले की जांच में जुटी है। उधर मेयर ने कार्रवाई न किए जाने पर पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कराने की चेतावनी दी है।

गाजियाबाद मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि वह हरनंदी के पास से गुजर रहीं थीं। कनावनी पुलिया के पास कुछ कूडा पड़ा दिखाई दिया। वह गाडियां रुकवा कूड़ा निस्तारण की योजना बनने



लगीं। तभी हरनंदी के पास दो किशोर खड़े दिखाई दिए। उनकी साइकिल पर एक बोरा रखा था। बोरा खुलवाकर देखा तो उसमें मांस था।

मेयर ने तुरंत इंदिरापुरम थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने किशोरों ने पूछताछ की। पूछताछ जानकारी हुई कि कनावनी स्थित मदरसा संचालक ने किशोरों से मांस हरनंदी में फेंकने के जिए भेजा है। किशोरों ने मांस को गोवंश का होने की जानकारी दी। जिसके बाद मेयर भड़क गईं।

उन्होंने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोहत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मदरसा संचालक मौके पर पहुंचा। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मांस को कब्जे में ले लिया गया है। उसे परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बुजुर्ग महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' कर वसूले 24 करोड़, 5 अपराधी गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने रविवार को पांच अंतर-राज्यीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इन बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर उससे 24 करोड़ रुपये वसूल लिए थे. पीड़ित महिला के बच्चे विदेश में रहते हैं. पुलिस ने बताया कि शिवाजीनगर की रहने वाली पीड़ित महिला लक्ष्मी ने हाल ही में अपनी जमीन-जायदाद बेचकर करोड़ों रुपये जमा किये थे. साइबर ठगों ने महिला के बैंक खातों की पूरी जानकारी जुटा ली थी. इसके बाद उन्होंने महिला को डिजिटल अरेस्ट किया और गैरकानूनी मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को वैध बनाने) के केस में फंसाने की धमकी दी. कानूनी कार्रवाई के डर से लक्ष्मी ने जनवरी से मई के बीच धीरे-धीरे अपने खाते से 24 करोड़ रुपये ठगों को ट्रांसफर कर दिए. जब ठगों ने और पैसों की मांग की, तो लक्ष्मी बाकी पैसों का इंतजाम करने के लिए 1.3 किलोग्राम सोने के गहने गिरवी रखने बैंक पहुंचीं. महिला के खाते से लगातार इतने बड़े लेन-देन होते देख बैंक के ब्रांच मैनेजर को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दे दी. इसके तुरंत बाद साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के अधिकारी बैंक पहुंचे और लक्ष्मी से पूछताछ कर इस पूरी ठगी का खुलासा किया. शुरुआत में, अत्यधिक डर के कारण बुजुर्ग महिला ने कुछ भी नहीं बताया. हालांकि, जब पुलिस ने उन्हें भरोसा दिलाया।

## दूषित पानी के खतरे को देखते हुए नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर पालम विहार, सेक्टर-23 और सेक्टर-23ए में लगभग 25 साल पुरानी पेयजल आपूर्ति लाइनों में जंग लगने की आशंका है। यह लाइनें लोगों ने मुख्य लाइनों में सेक्टर बसने के समय मुख्य लाइनों में जोड़ी थी और इतने समय के बाद भी बदला नहीं गया है। नगर निगम गुरुग्राम ने इन क्षेत्रों के निवासियों को एडवाइजरी जारी करते हुए अपील की है कि वे अपने घरों में लगे पुराने और क्षतिग्रस्त पेयजल कनेक्शनों की जांच कराएं और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें नई स्वीकृत पाइपलाइन से बदलें, ताकि दूषित पानी की आशंका को रोका जा सके। इसके अलावा नगर निगम की भी करीब 1200 किलोमीटर लंबी लाइन भी लगभग 25 साल पुरानी है, जिनको नगर निगम ने बदलना शुरू कर दिया है। निगम अधिकारियों के अनुसार कई घरों में आज भी 20 से 25 साल पुराने जीआइ पाइप कनेक्शन उपयोग में हैं। समय के साथ इन पाइपों में जंग लगने और अंदर से गलने की संभावना बढ़ जाती है। यदि कहीं छोटा भी लीकेज हो जाए तो आसपास की गंदगी या सीवर का पानी लाइन में प्रवेश कर सकता है। जनवरी में इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद गुरुग्राम में भी सतर्कता बढ़ाई गई है। नगर निगम का कहना है कि मुख्य पेयजल लाइन से घरों तक जो निजी कनेक्शन लिए गए हैं, उनकी देखरेख की जिम्मेदारी उपभोक्ताओं की भी होती है। कई मकानों में शुरुआती समय में डाली गई जीआई पाइपलाइन अब काफी पुरानी हो चुकी है। पालम विहार और सेक्टर-23 जैसे इलाकों में बड़ी संख्या में ऐसे कनेक्शन मौजूद हैं।



अधिकारियों के अनुसार यदि घरेलू लाइनें क्षतिग्रस्त हों तो पानी का दबाव कम होने के दौरान बाहरी गंदगी अंदर खिंच सकती है। इसी कारण लोगों को समय रहते पाइपलाइन बदलने और अधिकृत सामग्री का उपयोग करने की सलाह दी गई है। शहर में इस समय भीषण गर्मी के कारण पानी की मांग बढ़ी हुई है। गुरुग्राम में नहरी स्रोतों और बोरवेल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। निगम का कहना है कि मौजूदा आपूर्ति पर्याप्त है, लेकिन पुरानी लाइनें भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी जोखिम पैदा कर सकती हैं। पुराने गुरुग्राम के कई इलाकों में समय-समय पर दूषित पानी की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि घरेलू स्तर पर पाइपलाइन बदलने से काफी हद तक समस्या कम की जा सकती है। अनुसार पुरानी जीआई पाइपलाइनें समय के साथ अंदर से जंग खाकर कमजोर हो जाती हैं। यदि इनकी समय पर जांच और बदलाव नहीं किया गया तो संक्रमण और दूषित जलापूर्ति का खतरा बढ़ सकता है।

## फरीदाबाद टाउन पार्क में लगेंगे तीन म्यूजिकल फाउंटेन, बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

**फरीदाबाद, एजेंसी।** एनआइटी के लेजर वैली पार्क के बाद शहर के टाउन पार्क में तीन म्यूजिकल फाउंटेन बनाने की तैयारी है। यहां पहले से बने फाउंटेन तोड़कर नए सिरे से बनाए जाएंगे।साथ ही सिंथेटिक जागिंग ट्रैक भी बनेगा। पार्क की कई जगह चहारदीवारी भी की जाएगी। ओपन एयर थिएटर का सुंदरीकरण होगा। इन सभी काम का कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने शिलान्यास किया है। सभी काम साढ़े आठ करोड़ की लागत से होंगे। मंत्री ने बताया कि पार्क में जहां 700 मीटर कच्चा ट्रैक था, वहां सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा। कई जगह कंक्रीट पाथ टूट गया था, उसकी मरम्मत होगी। मुख्य प्रवेश द्वार का नवीनीकरण किया जाएगा। इन कार्यों से पार्क की सुंदरता, सुरक्षा और उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा नागरिकों को आधुनिक और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।इस दौरान लोगों से मंत्री ने कहा कि टाउन पार्क आने वाले समय में स्वास्थ्य, मनोरंजन, सामाजिक गतिविधियों और सांस्कृतिक आयोजन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां सुबह की सैर करने वाले नागरिकों, व्यायाम करने वाले युवाओं, बच्चों के साथ समय बिताने वाले परिवारों, महिलाओं तथा वरिष्ठजनों सभी को एक बेहतर और सकारात्मक वातावरण मिलेगा।

# सभी थानों की सीसीटीवी से होगी लाइव निगरानी, योगी ने सेंट्रल डैशबोर्ड बनाने के दिए निर्देश

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित तथा तकनीक आधारित बनाने के लिए पुलिस रेडियो विभाग को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की लोकेशन, मूवमेंट और संचार गतिविधियों की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी सेंधमारी की संभावना नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस रेडियो नेटवर्क को अत्याधुनिक तकनीकों से सशक्त किया जाए तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक निर्बाध संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी पुलिस थानों की सीसीटीवी फुटेज की लाइव मॉनिटरिंग के लिए एक सेंट्रल डैशबोर्ड विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे कानून-व्यवस्था की निगरानी अधिक प्रभावी और पारदर्शी होगी। मुख्यमंत्री ने बेहतर पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए विभागीय ढांचे को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इस क्रम में डीआईजी रेडियो पूर्वी का मुख्यालय आजमगढ़ तथा डीआईजी रेडियो पश्चिमी का मुख्यालय अलीगढ़ में स्थापित किए जाने पर विचार किया गया। साथ ही रेडियो कार्मिकों की चरित्र पंजिका संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से सत्यापित कराने तथा वायरलेस सेटों को निष्प्रयोजन घोषित करने से पहले तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि गत वित्तीय वर्ष में संचार उपकरणों की खरीद के अंतर्गत थानों के लिए 275 फ्लैट बेस मास्ट, 5322 बैटरियां, 120 बैकपैक सेट तथा केबल, चार्जर और एंटीना सहित अन्य सहायक उपकरण खरीदे गए। आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत 50 पीए सिस्टम भी स्थापित किए गए। रिवर्स ऑक्शन प्रक्रिया अपनाने से उपकरणों की खरीद में लगभग 1.23 करोड़ रुपये की बचत हुई।



**47 करोड़ की लागत से 12 जिलों में शुरू करने की योजना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 47 करोड़ रुपये की लागत से 12 जनपदों में डिजिटल वायरलेस सेवाएं शुरू करने की योजना है। इसके अतिरिक्त मापक उपकरण, पोर्टेबल संचार के लिए 5जी फिल्टर, दूरस्थ थानों के लिए सेल्फ सपोर्टेड मास्ट तथा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के लिए हैंड हेल्ड वायरलेस संचार व्यवस्था विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने विभागीय मानव संसाधन प्रबंधन को भी तकनीक आधारित बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्मिकों का डेटा मानव सम्पदा पोर्टल पर अद्यतन किया जाए तथा चरित्र पंजिका, अवकाश और अन्य सेवा संबंधी कार्य पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित हों।

## नदी में सीपियां इकट्ठा करते समय 8 लोग डूबे, परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

**उत्तर कन्नड़ (कर्नाटक) :, एजेंसी।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में रविवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां वेंकटपुरा नदी में सीपियां इकट्ठा करते समय अचानक पानी का स्तर बढ़ जाने से आठ लोगों की पानी में डूब जाने से मौत हो गई. हादसा भटकल तालुक के शिराली, टट्टी हक्कल इलाके में हुआ. बताया जाता है कि कुल 14 लोग वेंकटपुरा नदी में सीपियां जमा करने गए थे. नदी तटों और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय समुदायों की यह पारंपरिक गतिविधि है. वहीं नदी में अचानक पानी का स्तर बढ़ से लोग पानी में बह गए. हादसे में 7 महिला और एक पुरुष सहित कुल आठ लोगों की मौत हो गई. जबकि एक महिला और एक पुरुष की तलाश जारी है. हादसे में चार लोगों को बचाया गया है जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है. वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही भटकल ग्रामीण पुलिस ने मौके पर पहुंच गई. मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भटकल तालुक अस्पताल भेज दिया गया है. साथ ही लापता लोगों की तलाश का काम तेज कर दिया गया है. घटना के संबंध में भटकल ग्रामीण पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है. इस बारे में एसपी दीपन एमएन ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई. 14 लोग सीपियां इकट्ठा करने नदी पर गए थे. अचानक पानी का बहाव बढ़ गया और 8 लोगों की मौत हो गई. तीन लापता हैं. तीन महिलाओं को बचा लिया गया है, लेकिन उनकी हालत गंभीर है और उन्हें आगे के इलाज के लिए मणिपाल के हॉस्पिटल में भेजा गया है. मरने वालों में सात महिलाएं और एक पुरुष हैं. लापता लोगों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं. सीएम ने मुआवजे का ऐलान किया : सीएम सिद्धारमैया ने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है.

# त्विषा और समर्थ के बीच बेंगलुरु ट्रिप में क्या हुआ था, पति ने बताई झगड़े की वजह

**बेंगलुरु, एजेंसी।** त्विषा शर्मा के शव का रविवार को मौत के 12 वें दिन भोपाल एम्स में दूसरी बार पोस्टमार्टम किया गया। एम्स दिल्ली के विशेषज्ञ डाक्टरों के पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने करीब तीन घंटे पोस्टमार्टम करने के बाद घटनास्थल की वीडियोग्राफी भी कराई। शाम को शहर के भदभदा विश्राम घाट में त्विषा का अंतिम संस्कार किया गया। भाई हर्षित शर्मा ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में स्वजन के अलावा शहर के समाजसेवी और सेना के जवान शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि त्विषा की पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर मायके वालों ने सवाल उठाए थे। पिता की याचिका पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने दोबारा पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए थे। पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद डाक्टरों की टीम त्विषा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के निवास पर पहुंची। यहां त्विषा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी।



टीम ने करीब 15 मिनट घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर की छत, कमरों और आसपास के हिस्सों की बारीकी से जांच की। पूरे घटनास्थल की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

दिल्ली एम्स के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डा. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने करीब 11.30 बजे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की, जो दोपहर 2.30 बजे तक चली। इस दौरान शव की विस्तृत फोरेंसिक जांच की गई। मौत 12 दिन पहले हुई थी। इस वजह से त्विषा का शव काफी हद तक डीकंपोज हो चुका था। ऐसे में पहचान करना मुश्किल हो रहा था। स्वजन ने शरीर पर बने बर्थ मार्क के आधार पर उसकी पहचान की। भोपाल का भदभदा विश्राम घाट रविवार शाम एक ऐसे परिवार के टूटते दर्द का गवाह बना, जिसने 12 दिनों तक अपनी बेटी के अंतिम संस्कार का इंतजार किया। शाम 4:47 बजे त्विषा शर्मा का पार्थिव शरीर जैसे ही भदभदा घाट पहुंचा, वहां पसरा सन्नाटा चीखों और सिसकियों में बदल गया। मां अपनी बेटी का शव देखकर बेसुध हो गई। वह बार-बार उसका नाम लेकर पुकारती रही। आसपास खड़े लोगों की आंखें भी नम हो गईं। घाट पर पहले से ही रिश्तेदार, परिचित, समाजसेवी मौजूद थे। इस दौरान सेना के जवानों ने त्विषा को सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शाम पांच बजे त्विषा के पार्थिव शरीर को अर्थी पर रखा गया। परिवार के लोग उसे आखिरी बार निहार रहे थे। मां बेटी के चेहरे से नजरें नहीं हटा पा रही थी। पिता खामोश खड़े थे, लेकिन आंखों में दर्द साफ दिखाई दे रहा था। वहीं भाई हर्षित शर्मा, जिसने अपनी छोटी बहन को बेटी की तरह प्यार किया, खुद को संभालने की कोशिश कर रहा था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# भीषण गर्मी और लू के बीच बढ़ता संकट

मौसम विभाग ने जून तक के मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार पूर्वी-मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी।उत्तर और पश्चिमी भारत में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। कई राज्यों में तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच गया है। हाल में कुछ राज्यों में आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन अब आसमान से फिर आग बरसने लगी है। दिन में लू चल रही है और रात में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं।कृत्रिम उपकरणों के जरिए राहत पाने के लिए बिजली की मांग में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने जून तक के मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार पूर्वी-मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी। जाहिर है कि आने वाले दिनों में तापमान और ज्यादा बढ़ने से आम लोगों की परेशानी भी बढ़ेगी।मगर सवाल है कि हर साल गर्मी, सर्दी और आंधी-बारिश के क्रम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव क्यों आ रहा है? मौसम चक्र में इस बदलाव की वजह क्या है? क्या इसके पीछे प्राकृतिक कारण हैं या फिर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियां इसके लिए जिम्मेदार हैं।मौसम विभाग के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीते पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया 46-47, जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक था। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर-पश्चिमी हवाएं राजस्थान के थार रेगिस्तान और मध्य पाकिस्तान के कुछ हिस्सों से दिल्ली की ओर बह रही हैं। विशाल शुष्क क्षेत्रों से गुजरते हुए ये हवाएं दिल्ली पहुंचते-पहुंचते बेहद शुष्क हो जाती हैं, जिससे गर्मी सतह के करीब बनी रहती है।इस बीच दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7,776 मेगावाट से ज्यादा हो गई है, जो हाल के वर्षों की तुलना में मई में तेज वृद्धि को दर्शाती है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे, कूलर और एसी यानी एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करते हैं। मगर इस बात पर गौर नहीं किया जाता कि एसी से निकलने वाली हानिकारक गैसों से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, वहीं इनकी वजह से स्थानीय तापमान में भी बढ़ोतरी होती है। यानी जिन उपकरणों से घर को ठंडा रखने की कोशिश की जाती है, वही तापमान बढ़ने का कारण भी बनते हैं।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी, सर्दी, बारिश और बाढ़ की चरम स्थितियां जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि की वजह से पैदा हो रही हैं। इससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है। वनों की कटाई, शहरों में कंक्रीट के जंगलों का बढ़ता दायरा, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से पर्यावरण में लगातार बदलाव हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तापमान सामान्य से अधिक हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियों को सीमित करने और चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए ठोस उपाय किए जाएं।हाल में उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने और सटीक पूर्वानुमान को लेकर अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। राज्य में इस दौरान चौबीस घंटों के भीतर सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। बहरहाल, अभी गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में 24 मई तक लू की स्थिति बनी रहेगी।

*भारत आज जिस दिशा में बढ़ रहा है, वहां राजनीति की शुचिता और नैतिकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यदि हम 2047 तक विकसित भारत बनना चाहते हैं, यदि हमें विश्वगुरु बनना है, यदि भारत को वैश्विक नेतृत्व करना है, तो राजनीति को अपराध और धनबल के प्रभाव से मुक्त करना ही होगा। आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा तभी सार्थक होगी जब लोकतंत्र की आत्मा सुरक्षित रहेगी। राजनीति का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, समाज निर्माण होना चाहिए।*

# अपराधमुक्त राजनीति से ही संभव है नया भारत-विकसित भारत

**(ललित गर्ग)**

यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। भारत आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं। यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय जीतने की क्षमता को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खर्चीला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरा कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों के वर्षों तक लंबित रहने के कारण आरोपी चुनाव लड़ते रहते हैं और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं। राजनीति में अपराधीकरण का दूसरा बड़ा पक्ष है धनबल। पश्चिम बंगाल विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह प्रवृत्ति पूरे देश में दिखाई देती है। संसद और विधानसभाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से दूर होता जा रहा है? यदि राजनीति केवल धनवान और प्रभावशाली वर्गों तक सीमित हो जाएगी तो लोकतंत्र की समावेशी भावना कमजोर होगी। इन परिस्थितियों में नागरिक समाज और लोकतांत्रिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय मतदाता संगठन इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इसके संस्थापक रिखबचंद जैन के नेतृत्व में लंबे समय से राजनीति को स्वच्छ और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में जनजागरण अभियान चलाए जा रहे हैं। संगठन मतदाता जागरूकता, नैतिक मतदान, स्वच्छ राजनीति और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। लोकतंत्र को केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मूल्य आधारित व्यवस्था मानते हुए यह संगठन समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि मतदाता केवल जाति, धर्म, क्षेत्र या दलगत निष्ठा के आधार पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के चरित्र और सार्वजनिक जीवन को देखकर मतदान करें। इसी प्रकार एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) जैसे संगठन भी चुनावी पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों की पृष्ठभूमि सार्वजनिक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इन संगठनों के कारण आज मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों, संपत्ति और शिक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध हो रही है। यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय चुनाव आयोग भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद राजनीतिक दलों को उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीदवारों को शपथपत्र में अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। चुनाव आयोग लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। किंतु केवल औपचारिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इन प्रयासों को अधिक तीव्र, व्यापक और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। आज आवश्यकता है कि राजनीति के अपराधीकरण के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन खड़ा किया जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम आवश्यक हैं- पहला, जिन उम्मीदवारों पर हत्या, बलात्कार, अपहरण, भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप न्यायालय द्वारा तय हो चुके हों, उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीर विचार होना चाहिए। दूसरा, जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के त्वरित निपटान हेतु विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि वर्षों तक मुकदमे लंबित न रहें। उन्हें सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए कि स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार उपलब्ध होने के बावजूद दागी व्यक्ति को क्यों चुना गया।

# घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के पास अचानक इतने पत्थर कहां से आ जाते हैं?

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि पश्चिम रेलवे ने बांद्रा रेलवे स्टेशन के निकट गरीब नगर में फैले अवैध कब्जों को हटाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। यह मुंबई में रेलवे की अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई मानी जा रही है। मुंबई के लिए मुसीबत बने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को पुलिस और प्रशासन ने करारा सबक सिखाकर देश की आर्थिक राजधानी को बड़ी राहत दिलाई है। बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास गरीब नगर इलाके में पश्चिम रेलवे द्वारा चलाया जा रहा अब तक का सबसे बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान न केवल रेलवे भूमि को मुक्त कराने की दिशा में अहम कदम साबित हुआ, बल्कि इस कार्रवाई ने यह भी उजागर कर दिया कि किस तरह अवैध कब्जाधारी कानून व्यवस्था को चुनौती देने से भी पीछे नहीं हटते। कार्रवाई के दौरान पुलिस और रेलवे अधिकारियों पर जमकर पत्थरबाजी की गई, जिससे एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया कि देश के किसी भी हिस्से में अतिक्रमण हटाने या अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलते ही इन घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के पास अचानक इतने पत्थर कहां से आ जाते हैं? उल्लेखनीय है कि पश्चिम रेलवे ने बांद्रा रेलवे स्टेशन के निकट गरीब नगर में फैले अवैध कब्जों को हटाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। यह मुंबई में रेलवे की अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई मानी जा रही है। रेलवे के अनुसार लगभग पांच हजार दो सौ वर्ग मीटर भूमि को खाली कराया जा रहा है, जिसकी कीमत करीब छह सौ करोड़ रुपये आंकी गई है। यह इलाका हार्बर लाइन की पटरियों और बिजली व्यवस्था के बेहद करीब पहुंच चुका था, जिससे रेल संचालन और यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यहां कई बहुमंजिला झुग्गियां फुटओवर पुलों की ऊंचाई से भी ऊपर तक बना दी गई थीं। इससे भविष्य की रेलवे परियोजनाओं और ट्रेनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी। रेलवे लंबे समय से इस भूमि को खाली कराना चाहता था, क्योंकि बांद्रा स्टेशन और बांद्रा कुर्ला परिसर के पास स्थित यह इलाका रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस मामले में कानूनी प्रक्रिया वर्ष 2017 से पहले शुरू हो चुकी थी। सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 27 नवंबर 2017 को बेदखली आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद मामला बंबई उच्च न्यायालय और फिर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा। इस वर्ष 29 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने अवैध अतिक्रमण हटाने की अनुमति दी थी। बाद में उच्चतम न्यायालय ने भी इस आदेश पर रोक नहीं लगाई। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी। पश्चिम रेलवे ने करीब पांच सौ झुग्गियों को हटाने के लिए चिन्हित किया, जबकि संयुक्त सर्वेक्षण में पात्र पाए गए लगभग एक सौ ढांचों को फिलहाल नहीं छुआ गया। रेलवे का कहना है कि भविष्य में इस जमीन का उपयोग उपनगरीय और लंबी दूरी की रेल सेवाओं के विस्तार के लिए किया जाएगा। कार्रवाई को सफल बनाने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। करीब चार सौ पुलिसकर्मी, चार सौ रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस के जवान तथा लगभग दो सौ रेलवे अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए। बांद्रा स्टेशन और बांद्रा टर्मिनस के आसपास कई रास्तों को बंद कर दिया गया।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 6103

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | 9 | | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | |
| 11 | 12 | ■ | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | | | 16 | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 |
| ■ | ■ | 22 | | | ■ | 23 | |
| 24 | | | | ■ | ■ | 25 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1932 को यह देश यूनाईटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ (3)
5. किसी देवता या बड़े से मांगा हुआ मनोरथ, दूल्हा (2)
7. कदाचित, संभव है कि (3)
8. नख की रेखा यह कहलाती है (4)
10. यह भारत में उच्च न्यायाल की मुख्यान्यायाधीश बनने बनने वाली पहली महिला थीं (4)
11. फन, हुनर, आर्ट (2)
13. नाके से अपने आप रक्त बहने वाला एक रोग (4)
15. झंकृत होना, मधुर शब्द का धीरे-धीरे ध्वनि उत्पन्न करना (4)
17. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
18. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
19. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
22. शिक्षा, नसीहत, सीख (3)
23. कल सिखलाने वाला व्यक्ति (2)
24. जिसकी सभी सतह समान हो (4)
25. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आंखों से संकेत करना (6)
2. सलाह, मशवरा, सम्मति (2)
3. केला, कदरी का अपभ्रंश (3)
4. मुगल सम्राट अकबर का एक दरबारी रत्न जिसका मूल नाम रामतनु पाण्डेय था (4)
5. पुराणानुसार देवताओं का एक गण जिसके अंतर्गत आठ देवता माने जाते है (2)
6. कुछ लाल सुर्खी लिए हुए (4)
9. जिद करना, दुराग्रह करना (5)
12. भर्त्सना, धिक्कार, खिड़की (3)
14. दृश्य (अंग्रेजी) (2)
16. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडु पुत्र भीम का एक नाम (4)
20. हिमालय में पाया जाने वाला जंगली बैल (2)
21. यह लेबनान की राजधानी है (3)
22. सत्यतापूर्ण धर्म, यथार्थ, सच्चाई (2)
23. फूल, सुमन, पुष्प (उर्दू)(2)

### वर्ग पहेली 6102 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | र्जी |
| मा | ल | वा | ■ | ला | ■ | र | ■ |
| च | ■ | हि | मा | ल | य | ■ | च |
| र | ज | त | ■ | ■ | क | रि | श्मा |
| ण | ■ | ■ | सी | क | र | ■ | ■ |
| शु | क | दे | व | ■ | की | क | र |
| क्ल | र्क | ■ | न | वा | ब | ■ | की |
| ■ | ■ | हां | ■ | म | ■ | स | ब |

# आज का राशिफल

### मेष

धन के मामले में आज सितारे आपका पूरा साथ दे रहे हैं। आज आपको कमाई बढ़ाने या बचत करने का कोई बेहतरीन आइडिया मिल सकता है। आप घर के लिए कुछ जरूरी सामान खरीद सकते हैं। नौकरी में आज लोग आपको बहुत समझदार और सुलझा हुआ मानेंगे। आपके काम करने के तरीके की हर जगह तारीफ होगी। आपके वरिष्ठ अधिकारी आपकी बातों को महत्व देंगे।

### वृष

फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए आज का दिन सबसे अच्छा रहने वाला है। चंद्रदेव आपके आठवें भाव में रहेंगे, जिससे आपको पैतृक संपत्ति या बीमा के पैसों पर नजर रखनी चाहिए। अपने पुराने कर्ज चुकाने का प्रयास करें। आज के फैसले आपके भविष्य को पूरी तरह सुरक्षित बनाएंगे।कार्यक्षेत्र की कठिन समस्याओं को आज आप बहुत आसानी से सुलझा लेंगे।

### मिथुन

आज अचानक धन लाभ के योग हैं। आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है या खर्चे कम होंगे। भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए निवेश पर ध्यान दें।कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और लगन पर सबकी नजर रहेगी। आप बिना किसी दिखावे के अपना काम पूरी ईमानदारी से करते रहें।

### तुला

नौकरी में आपके अच्छे प्रदर्शन का सीधा असर आपकी आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। आज आपको अपनी मेहनत का अच्छा बोनस या इंसेंटिव मिल सकता है। इस धन का उपयोग आप कुछ नया सीखने में कर सकते हैं। अपने स्वास्थ्य और खुद की देखभाल पर भी थोड़ा खर्च जरूर करें। नौकरी के लिहाज से आज का दिन बहुत शानदार रहने वाला है।

### वृश्चिक

आज अपने खर्चों का हिसाब-किताब करने और भविष्य की प्लानिंग के लिए अच्छा दिन है। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय थोड़ा सावधान रहें और बिना सोचे-समझे चीजें न खरीदें। यह समय ऐसे निवेश की तलाश करने का है जो आपको लंबे समय तक बड़ा मुनाफा दे सके।ऑफिस में आज का दिन बहुत अच्छा बीतेगा, खासकर दिमागी काम करने वालों के लिए।

### धनु

आर्थिक मामलों में आज आप लंबे समय के फायदे के बारे में सोचेंगे। खरीदारी का मन हो सकता है, लेकिन खर्च करने से पहले बजट जरूर देख लें। आज किसी शुभचिंतक से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। वे आपको आमदनी बढ़ाने का कोई सही रास्ता दिखा सकते हैं।?आज आप लोगों के साथ संपर्क बनाने और मार्केटिंग के काम में बहुत सफल रहेंगे।

### कर्क

आज आप अपने आर्थिक मामलों को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। देखा जाए तो आज जल्दबाजी में कोई भी आर्थिक फैसला लेने से आपको बचना चाहिए।बस पैसों के मामलों में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।कार्यक्षेत्र में आज आपकी लीडरशिप क्वालिटी निखरकर सामने आएगी।

### सिंह

आज साझेदारी या किसी के साथ मिलकर निवेश करने से आज आपको फायदा मिलने वाला है । पुराने निवेश से बड़ा लाभ आज मिल सकता है। पैसों की लेन-देन या उससे जुड़ी बातों में ट्रांसपरेंसी और ईमानदारी रखें। आपको साझेदारी के कामों या टीमवर्क से लाभ मिलने वाला है। ऑफिस में आपको कोई नया रोल या जिम्मेदारी मिल सकती है।

### कन्या

आज पैसों के मामलों में आपको थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। अचानक कुछ खर्चे बढ़ सकते हैं। अपने खर्चों का एक सही बजट बनाएं और फिजूलखर्ची से बचें। स्वास्थ्य या बीमे में निवेश करना आज सही रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत का पूरा फल आपको दिलाएंगे।

### मकर

आज आपकी आर्थिक स्थिति में अचानक सुधार होने के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों की मदद से या आपकी पुरानी मेहनत से आज धन लाभ होगा। बिना ज्यादा भागदौड़ किए पैसा कमाने के नए मौके मिल सकते हैं। हालांकि पैसों का इस्तेमाल समझदारी से ही करें। तो आपको बहुत बढ़िया परिणाम मिलेंगे। नए लोगों से मुलाकात आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खोल सकती है।

### कुंभ

पैसों के लेन-देन और प्रबंधन के मामले में आज आपकी समझ बहुत अच्छी रहेगी। आपका पूरा ध्यान अपनी नौकरी से आय बढ़ाने पर रहेगा। आपको किसी नई नौकरी या बिजनेस का अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है। आज के दिन कोई बड़ा आर्थिक जोखिम लेने से बचें। आज आपके करियर को एक नई दिशा मिलेगी। ऑफिस में आपकी कड़ी मेहनत साफ दिखाई देगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी या लीडरशिप का पद मिल सकता है।

### मीन

आपकी आर्थिक स्थिति आज पूरी तरह सामान्य और स्थिर बनी रहेगी। आज आप यात्रा या शिक्षा जैसी जरूरी चीजों पर धन खर्च कर सकते हैं। ये खर्चे अच्छे हैं, लेकिन ध्यान रखें कि आपकी वर्तमान जरूरतें प्रभावित न हों। सलाह देने वाले या टीम के साथ मिलकर किए जाने वाले कामों में आपको सफलता मिलेगी। बारीकियों पर ध्यान देने वाले लोगों के साथ मिलकर काम करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



# हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर मंडराया खतरा?

● पोलार्ड ने कहा यह वैसा सीजन नहीं रहा जैसा वह चाहते थे

**मुंबई (एजेंसी)** मुंबई के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने आईपीएल 2026 में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या की लीडरशिप को लेकर बड़ा बयान दिया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इस सीजन पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर रही और प्लेऑफ की रेस से काफी पहले बाहर हो गई। वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 30 रन की हार के साथ मुंबई का अभियान खत्म हुआ। टीम पूरे सीजन में सिर्फ चार मुकाबले जीत सकी। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या जैसे स्टार खिलाड़ियों के बावजूद मुंबई इंडियंस लय हासिल नहीं कर सकी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कीरोन पोलार्ड ने माना कि हार्दिक पंड्या के लिए यह सीजन कप्तान के तौर पर अच्छा नहीं रहा।पोलार्ड ने कहा, लीडरशिप के नजरिए से देखें तो हार्दिक के लिए यह वैसा सीजन नहीं रहा जैसा वह चाहते थे।

### सिर्फ हार्दिक को दोष देना गलत

पोलार्ड ने साफ किया कि टीम की असफलता का पूरा जिम्मा सिर्फ हार्दिक पंड्या पर नहीं डाला जा सकता। उनके मुताबिक यह सामूहिक विफलता रही। उन्होंने कहा, हार के बाद किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ और मैनेजमेंट, सभी ने कोशिश की लेकिन चीजें हमारे मुताबिक नहीं हुईं।



### क्या अगले सीजन में बदलेगा कप्तान?

हार्दिक पंड्या अगले सीजन में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे या नहीं, इस सवाल पर पोलार्ड ने सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, अब टीम मैनेजमेंट बैठकर समीक्षा करेगा। आगे क्या होगा, यह अभी कहना मुश्किल है। पोलार्ड के इस बयान के बाद हार्दिक की कप्तानी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### बुमराह को आराम देने की वजह भी बताई

पोलार्ड ने जसप्रीत बुमराह को आखिरी लीग मैच में आराम देने के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि बुमराह भारतीय क्रिकेट की अहम संपत्ति हैं और बेकार के मैच में जोखिम लेना सही नहीं था।

### 'क्या होता अगर...' वाला सीजन रहा मुंबई के लिए

पोलार्ड ने आईपीएल 2026 को मुंबई इंडियंस के लिए मिस्ड ऑपर्च्युनिटीज वाला सीजन बताया। उनके मुताबिक टीम अहम मौकों पर लगातार जीत हासिल नहीं कर पाई और अंत में वही स्थान मिला जिसकी टीम हकदार थी।

सिंगापुर ओपन 2026

# लक्ष्य और सिंधू पर टिकी भारत की उम्मीदें



**सिंगापुर (एजेंसी)।** 10 लाख डॉलर इनामी राशि वाले सिंगापुर ओपन टूर्नामेंट में भारत की नजरें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पर टिकी होंगी। दोनों खिलाड़ी इस बड़े टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर खिताब का सूखा खत्म करने के इरादे से उतरेंगे।

**सिंधू के सामने कठिन पहला मुकाबला** – दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी से भिड़ेंगी। सिंधू ने हाल ही में थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन लगातार बड़े टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होने से वह दबाव में हैं। भारतीय फैंस को उनसे इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

**आयुष शेट्टी और श्रीकांत पर भी नजरें** – एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी कनाडा के विक्टर लाइ के खिलाफ मुकाबला खेलेंगे। विक्टर लाइ पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं। वहीं भारत के अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का सामना 2021 विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। यह मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक मैचों में से एक माना जा रहा है।

**प्रणय और उन्नति के सामने कठिन चुनौती** – विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

### लक्ष्य सेन के सामने चीनी खिलाड़ी की चुनौती

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन हाल के टूर्नामेंटों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पिछले सप्ताह वह पहले ही दौर में बाहर हो गए थे। सिंगापुर ओपन में लक्ष्य अपने अभियान की शुरुआत चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ करेंगे। लक्ष्य इस साल ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन खिताब जीतने से चूक गए। अब वह इस टूर्नामेंट में दमदार वापसी करना चाहेंगे।

# दिल्ली ने केकेआर को 40 रन से हराया

### स्टार्क-कुलदीप की घातक गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी साथ ही मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी के दम पर केकेआर को उनके घरेलू मैदान पर 40 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली ने इस सीजन का समापन जीत के साथ किया तो वहीं केकेआर को निराशा मिली। इस मैच में दिल्ली की गेंदबाजी के सामने केकेआर की बैटिंग लाइनअप पूरी तरह से बिखर गई और सिर्फ मायूसी इस टीम के हाथ लगी। हालांकि दिल्ली और केकेआर पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है लिहाजा इन दोनों टीमों का सफर इस सीजन में यहीं पर खत्म हुआ।



आईपीएल 2026 के 70वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स के साथ वानखेड़े स्टेडियम में हुआ। इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने केकेआर के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए और विरोधी टीम को जीत के लिए 204 रन का टारगेट दिया। केकेआर ने दूसरी पारी में 18.4 ओवर में 163 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**केएल राहुल ने लगाया अर्धशतक–** अभिषेक पोरेल ने केकेआर के खिलाफ 22 रन की पारी खेली जबकि साहिल पारख ने 24 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 60 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रन की पारी खेली और आउट हो गए। डेविड मिलर 19 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हो गए। केकेआर के लिए सौरव दुबे ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

# नॉर्वे को 28 वर्षों बाद फीफा वर्ल्ड कप में पहुंचाने वाले खिलाड़ी

### जो कहलाते 'गोल-मशीन'

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के फुटबॉलर एर्लिंग ब्रूट हालैंड को 'गोल–मशीन' कहा जाता है। 21 जुलाई 2000 को इंग्लैंड के लीड्स में जन्मे एर्लिंग एथलीट परिवार से हैं। उनके पिता अल्फ–इंगे हालैंड एक प्रोफेशनल फुटबॉलर थे। मां ग्राय मारिता ब्राउन हेप्टाथलॉन में नाम कमा चुकी हैं, जबकि दादा नॉर्वे में एक मशहूर धावक थे। महज 5 साल की उम्र में ही एर्लिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे। जनवरी 2006 में एर्लिंग हालैंड ने खड़े होकर 1.63 मीटर की छलांग लगाई और सबसे लंबी कूद का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। जन्मजात एथलीट एर्लिंग हालैंड की परवरिश नॉर्वे में हुई, जहां उन्होंने बेहद कम उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया।

# राजस्थान टीम ने 7वीं बार प्लेऑफ में बनाई जगह

### 2008 में बनी थी विनर; 16 साल बाद फिर से चैंपियन बनने का मौका

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग की कप्तानी में आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बना ली। राजस्थान के लिए लीग स्टेज में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 583 रन बनाए जबकि जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 21 विकेट लिए। अब एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान को सनराइजर्स हैदराबाद से 27 मई को भिड़ना है। राजस्थान के लिए फाइनल की राह आसान तो नहीं है, लेकिन ये मुश्किल भी नहीं है और इस टीम के पास एक बार फिर से साल 2008 के बाद चैंपियन बनने का मौका है।

### राजस्थान ने 7वीं बार बनाई प्लेऑफ में जगह

राजस्थान की टीम ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बनाई और इस लीग में ये 7वां मौका है जबकि इस टीम ने टॉप–4 में अपनी जगह पक्की की। राजस्थान ने इससे पहले साल 2008, 2013, 2015, 2018, 2022 और 2024 में प्लेऑफ में पहुंचने का कमाल किया था। राजस्थान ने इस लीग के 19 साल के इतिहास में दो साल का बैन भी साल 2016–17 में झेला था। यानी इस टीम ने अब तक कुल 17 सीजन में हिस्सा लिया है और इसमें अगर ये टीम 7 बार प्लेऑफ में पहुंची है तो ये अपने आप में शानदार है।



### राजस्थान की टीम साल 2008 में बनी थी चैंपियन

राजस्थान की टीम के साथ ऐसा अब तक एक ही बार हुआ है कि वो प्लेऑफ में पहुंची और चैंपियन बनी। साल 2008 में इस टीम के कप्तान शेन वॉर्न थे और उनकी कप्तानी में टीम प्लेऑफ में पहुंची और पहली बार चैंपियन भी बनी। इसके बाद ये टीम साल 2022 में भी प्लेऑफ में पहुंचने के बाद फाइनल में पहुंची थी, लेकिन उसे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यानी प्लेऑफ में पहुंचने के बाद ये टीम सिर्फ एक ही बार चैंपियन बन पाई है। अब इस टीम के पास मौका है कि वो 16 साल के बाद फिर से दूसरी बार चैंपियन बने।

### विश्व फुटबॉल दिवसः जिंक फुटबॉल अकादमी ने 1,400 से अधिक युवाओं को दिया नया मंच

# भारत में फुटबॉल को नई रफ्तार

**उदयपुर।** विश्व फुटबॉल दिवस के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक की जिंक फुटबॉल अकादमी (जेडएफए) ने भारत में फुटबॉल के विकास और उन्नति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। युवा जीवन को आकार देने में फुटबॉल की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाते हुए, जिंक फुटबॉल ने पिछले एक वर्ष में ही जमीनी स्तर की



प्रतिभाओं को पोषित करने और भारत की फुटबॉल संबंधी आकांक्षाओं को साकार करने के अपने प्रयास में 1,400 से अधिक युवा लड़कों और लड़कियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। यह सीज़न ZFA के सफर में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। अकादमी ने तीसरी बार राजस्थान स्टेट मेन्स लीग का खिताब जीता, जो प्रतियोगिता में सबसे युवा टीमों में से एक के साथ हासिल की गई एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसके मजबूत विकास पथ को रेखांकित करती है। राष्ट्रीय स्तर पर, ZFA की अंडर-18 टीम AIFF अंडर-18 एलीट लीग में उपविजेता रही और भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ अंडर-18 टीम के रूप में उभरी। एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, ज़ावर अकादमी ने भारतीय फुटबॉल के शीर्ष स्तरों में से एक, आई-लीग 3 में पदार्पण किया। लड़कियों की टीम ने भी अपने पदार्पण के महज एक साल के भीतर ही असाधारण प्रदर्शन किया, दून कप, डीएवी अंडर-19 नेशनल और अस्मिता फुटबॉल लीग में खिताब जीते, और वर्तमान में चल रही राजस्थान सीनियर महिला लीग में अंक तालिका में शीर्ष पर है, जो जेडएफए में महिला फुटबॉल के तेजी से विकास को दर्शाता है।

'फुटबॉल सपनों को साकार करता है। ज़िंक फुटबॉल अकादमी भविष्य का निर्माण करती है' के मूल सिद्धांत से प्रेरित होकर, ZFA एक जमीनी पहल से विकसित होकर एक पेशेवर फुटबॉल प्रणाली बन गई है। सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, अकादमी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, सुव्यवस्थित कोचिंग पद्धतियों और प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शन विश्लेषण को मिलाकर भारतीय फुटबॉलरों की अगली पीढ़ी को तैयार करती है।

खेल के मैदान से परे, अकादमी एक सच्चे छात्र-एथलीट मॉडल को बढ़ावा देती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक खिलाड़ी की शिक्षा का ध्यान रखा जाए, और वह भी पूर्ण छात्रवृत्ति के आधार पर।

2018 में अपनी स्थापना के बाद, एआईएफएफ 3-स्टार रेटिंग प्राप्त ग्राहम फुटबॉल अकादमी ने भारत के आयु-समूह के लिए लगातार खिलाड़ियों को तैयार किया, जिससे देशों की प्रतिभाएं मजबूत हुईं। हाल ही में, अकादमी ने ग्रामीण परिवेश की 20 खिलाड़ियों के साथ पहली बार खिलाड़ियों के साथ लड़कियों के लिए भारत की पहली आवासीय फुटबॉल अकादमी की भी शुरुआत की है।

अकादमी में प्रशिक्षित मोहम्मद कैफ, राजस्थान से 40 वर्षों से अधिक समय में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले खिलाड़ी बने। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और [illegible] के विकास कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने कहा, 'मैं हिंदुस्तान जिंक और जिंक फुटबॉल का हमेशा आभारी रहूंगा। ज़ावर में विश्व स्तरीय सुविधा में शीर्ष प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बिताए मेरे सात वर्षों ने मेरे करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

महिलाओं की तरफ से, ज़ावर माइंस की स्थानीय लड़की गीत मीना अकादमी की जमीनी स्तर की सफलता की कहानी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने ज़िंक फुटबॉल कम्युनिटी स्कूल्स से अपने सफर की शुरुआत की और बाद में ट्रायल के माध्यम से [illegible] के पहले गर्ल्स बैच में चयन हासिल किया। उनके साथ, ज़ावर की चार अन्य लड़कियां - मीनू कुमारी मीना, बिंदिया मीना, मनीषा पटेल और सविता कालबेलिया ने भी अपनी जगह पक्की की, जो अकादमी के समुदाय पर गहरे प्रभाव और स्थानीय प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

आईपीएल 2026 क्वालिफायर-1

# आज फाइनल के टिकट के लिए भिड़ेंगे आरसीबी और गुजरात टाइटंस



**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रोमांच अब अपने चरम पर पहुंच चुका है। मंगलवार को धर्मशाला में खेले जाने वाले क्वालिफायर-1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर-2 खेलना होगा। दोनों टीमों ने लीग स्टेज में 14 मैचों में 18-18 अंक हासिल किए, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के चलते आरसीबी ने टॉप पर रहते हुए क्वालिफायर-1 में जगह बनाई।

● **आरसीबी की ताकत बनी आक्रामक बल्लेबाजी** – रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने लगातार आक्रामक बल्लेबाजी की और कई मौकों पर 200 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली का अनुभव, फिल साल्ट की विस्फोटक शुरुआत और मिडिल ऑर्डर की मजबूती ने आरसीबी को बेहद खतरनाक टीम बना दिया है। फिल साल्ट चोट से वापसी के बाद प्लेऑफ में खेलने के लिए तैयार हैं, जिससे टीम की बल्लेबाजी को और मजबूती मिली है। वहीं जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या और टिम डेविड जैसे खिलाड़ी भी मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### संघ प्रचारक हृदयानंद सहाय हमारे बीच नहीं रहे

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक हृदयानंद सहाय अब हमारे बीच नहीं रहे। 52 वर्षीय हृदयानंद सहाय पिछले चार वर्षों से लीवर सिरोसिस बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज पिछले दो सालों से देश के विभिन्न अस्पतालों से चल रहा था।रविवार की रात 9 बजे उन्होंने अंतिम साँस ली। हृदयानंद सहाय का इलाज पिछले दो सालों से पटना के एक चिकित्सक के यहाँ चल रहा था।रविवार की शाम उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई जिस कारण उनके परिजन उन्हें लेकर पटना के लिए रवाना हुए लेकिन पटना पहुचने के पहले ही रास्ते में मेंहदिया में दम तोड़ तोड़ दिया। उनके निधन की खबर सुनकर जिले में शोक की लहर दौड़ गयी। औरंगाबाद के क्लब रोड स्थित उनके पैतृक निवास स्थान पर जिले के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक एव विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। हृदयानंद के पिता अरविन्द सिन्हा,उनकी पत्नी एवं उनके बच्चों का रो रो कर बुरा हाल था।

### उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना की प्रगति की मुख्य सचिव ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

# परियोजना पूरी होने पर बड़े पैमाने पर सिंचाई सुविधा होगी उपलब्ध : सचिव

### उत्तर कोयल नहर परियोजना की धीमी रफ्तार पर मुख्य सचिव नाराज, निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार सरकार के मुख्य सचिव ने बहुप्रतीक्षित उत्तर कोयल नहर परियोजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति, भूमि अधिग्रहण, निर्माण कार्यों की प्रगति और संसाधनों की उपलब्धता की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कोयल नहर परियोजना की कुल प्रगति 51.47 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि भौतिक प्रगति 34.15 प्रतिशत है। पिछले सात दिनों में मात्र 1.06 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज होने पर मुख्य सचिव ने नाराजगी जताई और निर्माण एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

विभिन्न पैकेजों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि पैकेज-3 में 78.43 प्रतिशत, पैकेज-5 में 65.70 प्रतिशत, पैकेज-6 में 70.75 प्रतिशत, पैकेज-8 में 56.32 प्रतिशत, पैकेज-9 में 43.38 प्रतिशत, पैकेज-10 में 45.83 प्रतिशत तथा पैकेज-11 में 61.41 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

बैठक में निर्माण एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए मशीनरी और मानव संसाधन की स्थिति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए कुल 310 मशीनों की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में केवल 164 मशीनें ही कार्यरत हैं। वहीं 1241 श्रमिकों की आवश्यकता के मुकाबले सिर्फ 499 लोग ही काम कर रहे हैं। इस स्थिति पर मुख्य सचिव ने नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसियों को संसाधनों और श्रमिकों की संख्या तत्काल बढ़ाने का निर्देश दिया। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिले में परियोजना के लिए कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि में से 38.5734 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है। शेष भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया जून 2026 तक पूर्ण होने की संभावना जताई गई। बैठक के अंत में मुख्य सचिव ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को जल्द से जल्द सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना मोहम्मदगंज बराज से प्रारंभ होकर औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, देव, औरंगाबाद तथा मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया तक पहुंचती है। यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। परियोजना पूरी होने पर बड़े पैमाने पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है। हालांकि, वर्षों से अधूरी पड़ी इस योजना को लेकर स्थानीय स्तर पर चिंता भी बनी हुई है।

# बटाने पुल पर भारी वाहनों की नो-एंट्री जिला प्रशासन ने जारी किया नया रूट चार्ट

- बारूण-नवीनगर पथ के 10वें किलोमीटर से तेतरिया मोड़ तक मरम्मत की जरूरत।
- तेतरिया से कोईरीडीह पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की आवश्यकता।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 (पुराना एनएच-98) स्थित बटाने पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाए जाने के बाद औरंगाबाद जिला प्रशासन ने वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू कर दी है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के निर्देश पर भारी एवं व्यवसायिक वाहनों के सुरक्षित और सुगम परिचालन के लिए नया रूट चार्ट जारी किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रोहतास से हरिहरगंज जाने वाले भारी वाहन बारूण से तेतरिया मोड़ होते हुए जपला मार्ग के जरिए हरिहरगंज पहुंचेंगे। वहीं गया और पटना से हरिहरगंज जाने वाले भारी वाहन भी बारूण-जपला मार्ग का उपयोग करेंगे। प्रशासन ने हरिहरगंज से औरंगाबाद आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। ऐसे वाहनों को जपला-बारूण-राष्ट्रीय उच्च पथ-19 मार्ग से होकर गुजरना होगा। हरिहरगंज से औरंगाबाद आने वाली बड़ी यात्री बसों और 12 चक्का व्यवसायिक वाहनों को अम्बा चौक से नवीनगर-बारूण मार्ग होकर औरंगाबाद आने की अनुमति दी गई है। वहीं रोहतास की ओर से आने वाली बड़ी यात्री बसें एवं 12 चक्का व्यवसायिक वाहन बारूण-केशव मोड़-तेतरिया-नवीनगर-अम्बा चौक मार्ग का उपयोग करते हुए हरिहरगंज जा सकेंगे। पटना एवं गया की ओर से हरिहरगंज जाने वाली बड़ी यात्री बसें और भारी व्यवसायिक वाहन भी इसी वैकल्पिक मार्ग से संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा औरंगाबाद से नवीनगर जाने वाले छोटे वाहनों को चतरा मोड़ से माली होते हुए नवीनगर जाने की अनुमति दी गई है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, औरंगाबाद ने बताया कि यातायात दबाव बढ़ने की स्थिति को देखते हुए बारूण-नवीनगर पथ के 10वें किलोमीटर से तेतरिया मोड़ तक सड़क मरम्मत कार्य तथा तेतरिया से कोईरीडीह पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की तत्काल आवश्यकता है। इस पर जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पथ प्रमंडल के अधिकारियों को पुनः निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को वाहनों के सुगम परिचालन के लिए यातायात व्यवस्था का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

जिला प्रशासन ने बताया कि यातायात योजना के सफल संचालन के लिए कोईरीडीह, तेतरिया मोड़, अम्बा चौक, एरका, केशव मोड़, जसोईया मोड़, महिन्द्रा शोरूम, चतरा मोड़ और सुंदरगंज बाजार सहित विभिन्न स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये अधिकारी वाहनों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिचालन की निगरानी करेंगे।

## औरंगाबाद में शॉर्ट सर्किट से कपड़ा दुकान में लगी आग, 20 लाख से अधिक के नुकसान की आशंका



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद शहर के सब्जी मार्केट स्थित पोस्ट ऑफिस के बगल वाली गली में सोमवार को एक कपड़ा दुकान के गोदाम में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की इस घटना में लाखों रुपये मूल्य के कपड़े, रेडीमेड वस्त्र और अन्य सामान जलकर राख हो गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में करीब 20 लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एएम गारमेंट्स नामक कपड़ा दुकान के संचालक मोहम्मद आसिफ दोपहर में दुकान बंद कर खाना खाने घर गए थे। इसी दौरान आसपास के दुकानदारों ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही मोहम्मद आसिफ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर आग तेजी से फैल चुकी है। देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की एक छोटी और दो बड़ी दमकल गाड़ियों को लगाया गया। हालांकि दुकान का शटर बंद रहने के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

करीब आधे घंटे तक शटर खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर दमकल कर्मियों को शटर तोड़ना पड़ा। इसके बाद अंदर पानी डालकर आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की गई। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। आगलगी की घटना में दुकान के अंदर रखा भारी मात्रा में कपड़ा और अन्य सामान पूरी तरह जल गया। दुकान संचालक मोहम्मद आसिफ ने बताया कि उनका कारोबार थोक और खुदरा दोनों स्तर पर चलता था तथा आग लगने से दुकान में रखा बड़ा स्टॉक नष्ट हो गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में भी दहशत का माहौल बन गया।

## विवेकानंद वीआईपी स्कूल में एआई कार्यशाला, छात्रों-शिक्षकों को दी गई आधुनिक तकनीक की जानकारी




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

विवेकानंद वीआईपी स्कूल में विद्यालयों में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं संगणनात्मक चिंतन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के तकनीकी कौशल, तार्किक सोच तथा समस्या समाधान क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स, निर्णायक मंडल के सदस्य अनूप कुमार, मो. आलम तथा विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान सभी अतिथियों को विद्यालय का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में संसाधन सेवी के रूप में विभिन्न विद्यालयों के 11 शिक्षकों ने प्रस्तुति दी, जबकि करीब 40 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रस्तुतकर्ताओं ने सरल और रोचक तरीके से बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज मोबाइल वॉइस असिस्टेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में किस प्रकार उपयोगी साबित हो रही है।

कार्यक्रम के दौरान संगणनात्मक चिंतन के चार प्रमुख चरण—विघटन, पैटर्न पहचान, अमूर्तीकरण और एल्गोरिद्म निर्माण को गतिविधियों एवं खेल आधारित तरीकों से समझाया गया। प्रतिभागियों को एआई टूल्स के माध्यम से बिना कोडिंग के समस्या समाधान की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक उपयोग और उसकी सीमाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को 21वीं सदी के कौशल से लैस करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित करती हैं तथा डिजिटल युग में भारत को अग्रणी बनाने में नई पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विद्यालय की उपप्राचार्य सूची कुमारी ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़े कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक अविनाश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

